हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, मंगलवार, 15 अक्टूबर 2024

तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री



10 चिकन दुकान एवं अतिक्रमण हटवाने कलेक्टर से लगाई गुहार



11 कुगदा में ग्रामीणों के विरोध के बाद भी खुली शराब दुकान



## हत्या : मोहन नगर थाना अंतर्गत सिकोला भाठा की घटना

# नशे में धुत युवक के सिर पर बोल्डर पटक कर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शराब पीकर गाली गलौज करने वाले युवक के सिर पर बोल्डर पटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि सिकोला भाठा मुखर्जी कालोनी दुर्ग निवासी योगेश सोना की हत्या की जानकारी रविवार की रात 2 बजे मोहन नगर पुलिस की पेट्रोलिंग टीम को मिली। घटना सिकोलाभाठा दुर्ग में होना पता चला, पुलिस मौके पर रवाना हुई। इस दौरान पत्थर से सिर कुचलकर हत्या करना प्रतीत हुआ। शव को पुलिस ने पीएम के लिए मरचूरी भेजजकर परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस संदेही सिकोला भाठा दुर्ग निवासी रोहित कुमार ठाकुर को पकड़ा गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने पुलिस को बताया कि मृतक योगेश शराब का सेवन कर गाली गलौच कर रहा था। आरोपी रोहित के द्वारा समझाइश के बाद भी गाली गलौज बंद नहीं किया। आक्रोश में आकर रोहित ने योगेश के सिर पर सामने पड़े बोल्डर को सिर में वार कर हत्या करना स्वीकार किया है। मोहन नगर टीआई मोनिका पाण्डेय की टीम को हत्या की जानकारी मिलने के बाद तुंरत घटनास्थल रवाना हुई। उसके बाद आसपास के संदिग्धों के बारे में जानकारी जुटाई गई। जिसमें रोहित नामक युवक का नाम सामने आया है। पुलिस ने उसे तुरंत संदेह के आधार पर पकड़ा उसके बाद आरोपी ने घटना करना स्वीकार किया।



### नशे की गिरफ्त में युवा

जिले में लगातार नशे के खिलाफ पुलिस चला रही है लेकिन नशा बंद होने का नाम नहीं ले रहा है। चाहे शराब, गांजा, गोली समेत कई प्रकार का नशा बाजार में बिकाऊ है। मगर नशेड़ी अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहें है। जिले में जितनी भी अब तक हत्या हुई है उसमें सबसे अधिक नशे के कारण ही होना सामने आ रहा है। रविवार रात योगेश सोना शराब के नशे में था और जबरन गाली गलौज कर रहा था। इस दौरान आक्रोश में आकर आरोपी ने सिर पर बोल्डर पटकर हत्या करना सामने आया। इस तरह के घटनाओं को रोकने में पुलिस को काफी दिक्कतों का सामना करना पड रहा है।

**हत्या के ये मामले रह गए अनसुलझे**

### रानीतराई में गला दबाकर हत्या

वर्ष 2018 में रानीतराई इलाके की नर्सरी में महिला का शव मिला था। दुष्कर्म के बाद गला दबाकर हत्या करने का मामला सामने आया था। पीएम रिपोर्ट के बाद भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज करने में देरी की। तत्कालीन टीआई के खिलाफ जांच आदेश हुए थे। मगर अब तक शव का शिनाख्त पुलिस नहीं कर पाई है। पुलिस अब तक जांच कर रही है।

### कुम्हारी थाना क्षेत्र अधजली लाश मिली

कुम्हारी थाना क्षेत्र में वर्ष 2019 में खेत में महिला की अधजली लाश मिली थी। कद-काठी के आधार पर रायपुर का एक परिवार शव का शिनाख्त किया। मगर जांच बढ़ी तो पता चला कि उनकी घर की बहू दूसरे के साथ भागकर हरियाणा में निवास कर रही थी। डीएनए सैंपल लिया। रिपोर्ट निगेटिव आई। मृत महिला का नाम, पता आज तक नहीं मिल पाया है। आसपास के थाना क्षेत्रों में सूचना दी गई है।

### खोरपा नाला में मिला शव

वर्ष 2020 में पाटन क्षेत्र के खोरपा नाला में बोरी में बंद मिली महिला की लाश की शिनाख्त नहीं हो पाई है। वर्ष 2019 अमलेश्वर थाना क्षेत्र में एक महिला को पैरावट के बीच में जलाकर हत्या किया गया था। उसकी शिनाख्त आज तक नहीं हो पाई।

### सगनी घाट के पास हत्या

नंदिनी थाना क्षेत्र में 22 अप्रैल 2024 को कोड़िया स्थित सगनी घाट के पास बोरी में महिला की लाश मिली थी। शरीर पर चोट के निशान से कई पुलिस के अफसर शव देख कर हत्या कर शव को फेंकने की संदेह जताई थी। लेकिन घटना के इतने दिन बाद भी पुलिस शिनाख्त नहीं कर पाई है। पुलिस की जांच पिछले 6 महीनों से अटकी हुई है। पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### नशे के खिलाफ चल रही मुहिम



हत्या के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पेंडिंग मामलों में पुलिस तत्परता के साथ काम कर रही है, नशे के खिलाफ पुलिस का बड़ा अभियान जिले में चल रहा है। अपराधियों पर लगातार पुलिस नकेल कसती आ रही है।

**अभिषेक झा**, एएसपी

## आईआईटी के दीक्षांत समारोह में होंगी शामिल

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दुर्ग आएंगी 26 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 25 और 26 अक्टूबर को अपने दो दिवसीय संभावित दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रही है। वे 26 अक्टूबर को भिलाई में रहेंगी। इस दौरान आईआईटी भिलाई के कैम्पस में पहली बार दीक्षांत समारोह में वे शामिल होंगी। भिलाई में यह पहला दीक्षांत समारोह है। हालांकि आईआईटी खुलने के बाद तीसरे और चौथे सत्र का एक साथ दीक्षांत समारोह आयोजित किया जा रहा है। प्रशासनिक अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रपति के इस प्रवास को लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। राज्यपाल के सचिव यशवंत कुमार ने पिछले दिनों इसे लेकर बैठक कर निर्देश भी जारी किए थे। इसके बाद दुर्ग जिले में स्थल निरीक्षण से लेकर आयोजन को लेकर अन्य तैयारियां की जा रही हैं। राष्ट्रपति 25 और 26 अक्टूबर को छत्तीसगढ़ में रहेंगी। वे दुर्ग के अलावा रायपुर जिले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होंगी। जानकारी के मुताबिक राष्ट्रपति एम्स रायपुर, एनआईटी रायपुर, आईआईटी भिलाई और पं. दीनदयाल स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान आयुष विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगी।



### व्यवस्थाओं को लेकर दिए गए निर्देश

सोमवार को तैयारियों को लेकर दुर्ग कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने अधिकारियों की बैठक ली। आईआईटी के प्रमुख अधिकारी भी इस दौरान मौजूद थे। इसके अलावा देर शाम तक स्थल का निरीक्षण किया। बता दें कि दुर्ग में राष्ट्रपति का पहला दौरा है। इससे पहले वे अपने एजुकेशन के दिनों में भिलाई में रह चुकी हैं। राष्ट्रपति के प्रवास के दौरान सभी तैयारियां निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार किया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने सभी शैक्षणिक संस्थानों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

### राष्ट्रपति के संभावित दौरे को लेकर तैयारी



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के संभावित दौरे को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। वे 26 अक्टूबर को दुर्ग जिले में आईआईटी भिलाई के दीक्षांत समारोह में आने वाली हैं। रायपुर और दुर्ग जिले में उनके आगमन को ध्यान रखकर पूरी तैयारी की जा रही है। उनका दौरा फाइनल होते ही इसकी जानकारी दी जाएगी। फिलहाल प्रशासनिक स्तर पर प्रारंभिक तैयारी की जा रही है। आईआईटी के अधिकारियों से भी चर्चा की गई है। राष्ट्रपति का दौरा फाइनल होने पर रूट व अन्य तैयारियां की जाएंगी।

-**ऋचा प्रकाश चौधरी**, कलेक्टर दुर्ग

## मेयर ने बदला चार एमआईसी सदस्यों को

**भिलाई।** पालिक निगम रिसाली में महापौर शशि सिन्हा ने अपने एमआईसी में चार सदस्यों को हटाकर नए पार्षदों को मौक दिया है। जिसमें पार्षद वार्ड 24 एमडी जाहीर अब्बास को प्रभारी सदस्य आवास, पर्यावरण और लोक निर्माण, वार्ड 26 पार्षद अनिल कुमार देशमुख प्रभारी जलकार्य, विधि व सामान्य प्रशासन, वार्ड 7 पार्षद संजू नेताम प्रभारी स्वास्थ्य चिकित्सा स्वच्छता और वार्ड 4 पार्षद ममता यादव प्रभारी खाद्य, नागरिक आपूर्ति व विद्युत को एमआईसी में जगह दी गई है। रिसाली निगम में नए पार्षदों को मिलेगा मौका।

OM JEWELLERS
ओम ज्वेलर्स
जितना सोना... उतना चाँदी फ्री...
रानी हार, कुंदन ज्वलेरी, चुड़ी सेट, माथे का टीका
कमरबंद, अंगुठी, बालिया, बाजुबंद, पायल, झुमका
नेकलेश व हालमार्क की सभी ऑल वैरायटी उपलब्ध
कल्पना से परे.. दुल्हन ज्वेलरी






916(22c), 833(20c), 750(18c) ऑल वैरायटी उपलब्ध
हर 10,000/- की खरीदी पर चांदी की मुर्ति फ्री
ज्वेलरी की रिपेयरिंग में त्वरित सेवायें हमारे द्वारा पायें
1 किसी भी जेवर का भुगतान घर से करने की सुविधा
2 चेक पेमेंट सुविधा
3 ऑल कार्ड ऑनलाईन पेमेंट भुगतान करने की सुविधा
शॉप नं. 64-B, प्रिया श्रृंगार के सामने, इंदिरा मार्केट, दुर्ग (छ.ग.)

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

**7987328736, 7489348301**

## खबर संक्षेप

### तलवार के साथ युवक पकड़ाया, अपराध दर्ज

**भिलाई।** तलवार लेकर लहराने वाले युवक को मोहन नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी सिकोला बस्ती दुर्ग निवासी इंदल साहू बताया गया है।

### अवैध शराब के साथ चार गिरफ्तार, भेजा जेल

**भिलाई।** अवैध रुप से शराब बेचने वाले चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पद्मनाभपुर टीआई अंबिका प्रसाद ध्रुव ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर वार्ड 44 सतनामी पारा पदमनाभपुर निवासी सुनील गेंद्रे, कसारीडीह दुर्ग सुनील साहू , संगीत साहू को गिरफ्तार किया। आरोपियों से पुलिस ने 7200 रुपए का शराब जब्त किया है। वहीं मोहन नगर थाना क्षेत्र से नगपुरा निवासी गोपी सिसोदिया उर्फ गोपी पारधी से 3740 रुपए का शराब जब्त किया है।

## एसीसीयू और पुलिस की कार्रवाई

# शेयर मार्केट के नाम पर 24 लाख की ठगी करने वाले चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



शेयर मार्केट के नाम पर फर्जीवाडा करने वाला गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश कर चार युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने मोबाइल, एटीएम, बैंक पासबुक, कार जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 42, 66 डी आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है।

ट्रेनी आईपीएस चिराग जैन ने बताया कि क्वाटर 3 डी सड़क 72 सेक्टर 6 निवासी ईश्वर लाल वर्मा के मोबाइल वाट्सएप ग्रुप में शेयर ट्रेडिंग और आईपीओ की सदस्यता के लिए अधिक लाभ का लालच में फंसाकर 12 मई से 6 जून के मध्य आरोपियों ने 24 लाख 55 हजार रुपए की ठगी किया। शिकायत पुलिस में दर्ज करने के बाद आरोपियों को पकड़ने के लिए थाना प्रभारी विजय कुमार यादव और एसीसीयू प्रभारी तापेश्वर सिंह नेताम के नेतृत्व में टीम आरोपी की तलाश में जुटी रही।

विवेचना के दौरान आरोपी के मोबाइल नंबर का सीडीआर एब कैफ को खंगाला गया। लोकेशन का पता केरल होने की जानकारी पुलिस को मिली। पुलिस ने तुरंत तिरूवनंतपुरम (केरल ) रवाना हुई। खोजबीन में बिटो भवन जिला तिरूवनंतपुरम केरल निवासी बी जोई, बी एस भवन जिला तिरूवनंतपुरम केरल अनुप नाडा, केरल कुमार आचारी, अनुराज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय से ट्रांस्टि रिमाण्ड लेकर दुर्ग लाया गया।

## रेट ज्यादा होने से 15 दुकानें हो चुकीं सरेंडर

# अहाता चलाने नहीं मिल रहे ठेकेदार 6 दुकानों में नहीं मिल पा रहा चखना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वित्तीय वर्ष 2024-25 को लगभग 6 माह बीत चुके हैं, लेकिन जिले की आधा दर्जन शराब दुकान में अहाता चलाने ठेकेदार रुचि नहीं ले रहे हैं। इससे आबकारी विभाग की चिंता बढ़ गई है। हालात यह हैं कि विभाग तीन से अधिक बार निविदा जारी कर चुका है, लेकिन निर्धारित दरों पर कोई भी काम करने को तैयार नहीं है। ऐसी आधा दर्जन दुकान हैं, जहां अहाता का संचालन शुरू नहीं हो पाया है। इससे राज्य सरकार को आर्थिक क्षति हो रही हैं, वहीं शराब प्रेमियों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। बता दें कि ये सभी दुकानों के अहाता नीलाम हो चुके थे, लेकिन ठेकेदारों ने सरेंडर कर दिया। इसके कारण आबकारी विभाग ने तीन माह के लिए पहले से जमा कराई गई राशि जब्त कर ली है। उल्लेखनीय है कि शराब दुकानों में अहाता की पॉलिसी लागू की गई है। विगत जून माह में जिले के 53 देशी व विदेशी शराब दुकानों के लिए अहाता संचालन करने नीलामी की गई थी। इसमें करीब डेढ़ दर्जन दुकान के ठेकेदार अहाता चलाने में दिक्कतें महसूस करने लगे हैं।

### इन दुकानों के पास अहाता चलाने नहीं मिल रहे ठेकेदार

आबकारी विभाग के अफसरो ने बताया कि जिले में दो चरण में 53 अहाता की नीलामी की गई थी। इसमें पन्द्रह आहते को चलाने के बजाय ठेकेदारों ने इसे सरेंडर कर दिया था। इन पन्द्रह दुकान में नौ के आवेदन मिले हैं, वही 6 दुकान के लिए एक भी आवेदन नहीं मिले हैं। इसमें कम्पोजिट मदिरा आहाता अहिवारा, देसी मदिरा कम्पोजिट अहाता जोरातराई, देशी मदिरा अहाता पाटन, विदेशी मदिरा डिपरापारा, विदेशी मदिरा पोटिया रोड, देशी नयापारा शामिल हैं। अफसरों ने बताया कि इसके लिए आवेदन भी मांगे गए हैं।

### सबसे महंगी दुकान पाटन और सस्ती पोटिया रोड दुर्ग में

आबकारी विभाग की मानें तो आहता के लिए बेसरेट निर्धारित कर दिए गए हैं। इन छः दुकानों में सबसे महंगी दुकान देशी मदिरा अहाता पाटन है, इसके लिए हर साल 18 लाख 19 हजार रुपए देने होंगे। दूसरे नंबर पर देशी मदिरा आहता नयापारा के लिए 13 लाख 39 हजार रुपए देने होंगे। वही विदेशी मदिरा अहाता डिपरापारा के लिए 11 लाख 56 हजार, कम्पोजिट मदिरा अहाता अहिवारा के लिए 6 लाख 78 हजार रूपए व कम्पोजिट मदिरा अहाता जोरातराई के लिए 6 लाख 30 हजार व विदेशी मदिरा अहाता पोटिया रोड के लिए 6 लाख 13 हजार निर्धारित है। इससे अधिक बोली लगाने वालों के लिए आहता नीलाम किया जाएगा।

### ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया, इसलिए भी दिक्कत

अहाता के आवंटन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए ऑनलाइन कर दिया गया है। ताकि कोई भी निविदा में भाग ले सके, दरों के बारे में स्पष्ट जानकारी हो सके। लेकिन लोगों को तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस वजह से वे रुचि नहीं ले रहे हैं। बता दें कि शासन के निर्देश के बाद देशी, विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों के आसपास अहाता खोले गए हैं। 53 में से पांच दुकानों की नीलामी अटकी हुई है। कार्य करने वाली एजेंसी इसे लेकर रुचि नहीं ले रही हैं।

खरीदी के शुभ दिन
SHOP & WIN
JEETO DHAN DHANA DHAN
प्रत्येक ₹ 9000 की खरीदी पर पायें एक लक्की कुपन और अनेक उपहार
वार्षिक उपहार उत्सव के साथ साथ प्रत्येक 2 माह में भी पाईये आकर्षक उपहार



| बंपर ड्रॉ | | |
|---|---|---|
| 1st | टाटा टिआगो | 1 no |
| 2nd | होण्डा एक्टिवा | 1 no |
| 3rd | रेफ्रिजरेटर | 3 nos |
| 4th | पार्टी स्पीकर | 5 nos |
| 5th | एयरफ्रायर | 10 nos |
| 6th | ईयर बड्स | 25 nos |

| प्रत्येक 2 माह के ड्रॉ | | |
|---|---|---|
| 1st | होण्डा एक्टिवा | 1 no |
| 2nd | आई फोन | 1 no |
| 3rd | रेफ्रिजरेटर | 1 no |
| 4th | पार्टी स्पीकर | 5 nos |
| 5th | एयरफ्रायर | 10 nos |
| 6th | ईयर बड्स | 25 nos |

Double Gold Rate Protection
ADVANCE BOOKING
त्यौहारों की भीड़ से पहले अपनी पसंद के आभूषण आज के भाव से बुक करायें।
यदि त्यौहारों में भाव बढ़ते हैं तो भी फायदा आपका और यदि
भाव कम होते हैं तो कम भाव में आपको भुगतान करना होगा।
अभी से दीपावली तक कभी भी शुभ मुहूर्त में ले जायें अपने मनचाहे आभूषण।
सहेली ज्वेलर्स



हमारी शाखाएं
• भिलाई : सिविक सेंटर फोन : 9111177553
• दुर्ग : गाँधी चौक फोन : 9111177550
• रिसाली : बी.एस.पी मार्केट फोन : 9111177558
100% EXCHANGE VALUE OF OLD GOLD | 100% CERTIFIED DIAMONDS | 100% HALLMARK GOLD
All 7 Days Open | Parking Available
T&C apply*
TEAM CREATIVE ADVERTISERS

## खबर संक्षेप



### रविशंकर स्टेडियम में हुआ रावण दहन

दुर्ग। राष्ट्रीय पर्व उत्सव समिति द्वारा रावणभाठा रविशंकर स्टेडियम में रात्रि 8 बजे रावण दहन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरुण वोरा थे। कार्यक्रम की शुरुवात रात्रि 7.15 बजे रामलीला मंडली के आगमन से हुआ। जहां भगवान रामजी, लक्ष्मण, हनुमान जी को मुख्य अतिथि श्री वोरा, संचालन समिति नंदू महोबिया, अनिल ताम्रकार, राजेन्द्र तम्बोली, महापौर धीरज बाकलीवाल, रघुनाथ वर्मा व चन्द्रदीप ताम्रकार द्वारा माल्यार्पण कर किया गया। पश्चात रावण निर्माता आनंद तम्बोली सहित पूरी टीम तम्बोली, महेश ठाकुर, मणीक केमे बैण्ड पार्टी, शर्मा लाईट मनीष शर्मा, रामलीला मंडली चन्द्रदीप ताम्रकार को सम्मानित किया गया। इस दौरान परमजीत सिंह भुई, अलताफ अहमद, कौशल किशोर सिंह, सुमित, संदीप वोरा, मनोज ताम्रकार, कुमुद कौशल सहित अन्य मौजूद थे।

### दिवंगतों का जन्मदिन मनाएगा संगठन

दुर्ग। छ.ग. प्रदेश स्वतंत्रता संग्राम



सेनानी उत्तराधिकारी संगठन जिला इकाई की बैठक न्यू आदर्श नगर में पदाधिकारियों की उपस्थिति में हुई। बैठक में प्रमुख मुद्दा प्रतिमाह प्रथम रविवार को दिवंगत स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के जन्म दिवस अवसर पर संगठन द्वारा जन्मोत्सव कार्यक्रम सम्पन्न करना तथा उनके कृतित्व को याद करते हुये कुछ अविस्मरणीय रचनात्मक कार्य समाज हित में सम्पन्न किया जाना है, जैसे गली मोहल्ले में स्वच्छता अभियान, मोहल्ले में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित कराने आम जनता तथा उच्चाधिकारियों को प्रेरित करने का निर्णय लिया गया हैं। बैठक में कोषाध्यक्ष दीपक चौबे, अध्यक्ष अशोक ताम्रकार, घनश्याम जोशी, छबिराम चन्द्राकर, चन्द्रहास मोरैय्या, राजेन्द्र चौहान, श्रीमती पुष्पलता चौबे, बाल कल्याण समिति की पूर्व सदस्य प्रीति अजय बेहरा तथा बिरेन्द्र सिंह मौजूद रहे।

### अनुभूति वैष्णव को पीएचडी की उपाधि

दुर्ग। अनुभूति वैष्णव ने पूर्णिमा शुक्ला विभागाध्यक्ष भूगोल दुर्गा



महाविद्यालय रायपुर छत्तीसगढ के निर्देशन में तथा डॉ.सरला शर्मा भूतपूर्व विभागाध्यक्ष पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सह निर्देशन में विश्वनाथ बेसिन में नगरीकरण एक भौगोलिक अध्ययन विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। यह शोध कार्य जन सामान्य व शासन के लिए उपयोगी होगा। वैष्णव ने विशेष आभार अपनी परिजन विनिता वैष्णव व अपने छोटे भाई अभिषेक वैष्णव एवं अपने पुत्र आशुतोष वैष्णव का व्यक्त किया। इस उपलब्धि पर उन्हे माता विनीता वैष्णव, पिता नंदकुमार वैष्णव आदि ने बधाई दी है।

# प्रत्येक रविवार को दो घंटे देंगे बाल संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ बच्चों को संस्कार देने से मिलेंगे आदर्श नागरिकों



श्री गुर्जर क्षत्रिय गुजराती समाज लुचकी तालाब दुर्ग की जन कल्याण समिति द्वारा विगत दिनों बाल संस्कारशाला के टीचर्स का प्रशिक्षण गायत्री परिवार के प्रशिक्षित आचार्यों द्वारा दिया गया। टोली नायक रामस्वरूप जी ने बताया कि, 6 से 13 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को संस्कारवान बनाने हेतु संचालित बाल संस्कारशाला के बच्चे अगले 15-20 वर्ष बाद समाज के आदर्श नागरिक बनेंगे। व्यक्ति किसी भी जाति, धर्म या संप्रदाय का क्यों ना हो, समाज में आदर्श जीवन शैली और मानवता के मापदंड सभी के लिए एक समान होते हैं। सम्मान देने से सम्मान मिलेगा, सत्कर्मो के सत्परिणाम और दुष्कर्मों के बुरे परिणामों से कोई बच नहीं सका है। बेहतर समाज की रचना के लिए बेहतर नागरिक ही समाज की सबसे बड़ी संपदा होते हैं। आचार्यों की टीम में गिरधारी लाल जी ने टीचर्स को टॉर्च, मोमबत्ती, फुग्गे के विभिन्न प्रयोगों से मनोरंजक तरीके से प्रशिक्षण देने की विधा बताई। लगभग 30 से ज्यादा प्रशिक्षार्थीयों ने बहुत ही मनोरंजक और ज्ञानवर्धक ढंग से प्रशिक्षण प्राप्त किया। विद्यालयों के टाइम टेबल से अलग प्रति रविवार को 2 घंटे की बाल संस्कार शालाएं पिछले अनेक वर्षों से दुर्ग भिलाई एवं अन्य क्षेत्र मे चलाई जा रही हैं। प्रशिक्षण शिविर में विशेष रूप से जन कल्याण समिति के प्रभारी नरेंद्र भाई राठौड़, कार्य प्रबंधन समिति के सचिव दिलीप भाई पढ़ियार, समाज सेवी आशीष शर्मा आदि उपस्थित थे।

# हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं को दे रहे परामर्श

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ माता मृत्यु की रोकथाम की नई पहल



स्वास्थ्य विभाग द्वारा माता-मृत्यु की रोकथाम हेतु नवोन्मेषी पहल करते हुए जिले की हाई रिस्क (खतरे वाली) गर्भवती महिलाओं के लिए प्रत्येक सोमवार साप्ताहिक ऑनलाइन परामर्श सत्र प्रारंभ किया गया है।

खतरे वाली गर्भवती महिलाओं के शीघ्र चिन्हांकन व नियमित गुणवत्ता युक्त ए.एन.सी. जॉच के साथ-साथ गर्भवती महिला और उसके परिजनों को भी गर्भावस्था के दौरान होने वाले संभावित खतरे वाले लक्षणों की जानकारी होना महत्वपूर्ण है। खतरे के लक्षणों की जानकारी होने पर गर्भवती महिला समय पर आवश्यकतानुसार चिन्हांकित अस्पताल में भर्ती होकर समय पर ईलाज प्राप्त कर सकती है। वर्तमान में जिले में करीब 1800 पंजीकृत हाईरिस्क गर्भवती महिलाएं है। अब तक धमधा तथा शहरी दुर्ग ब्लाक की करीब 800 खतरे वाली गर्भवती महिलाओं को ऑनलाईन परामर्श के माध्यम से नियमित ए.एन.सी. जाँच की महत्ता, पौष्टिक आहार, गर्भावस्था के दौरान होने वाले संभावित खतरे के लक्षणों, प्रसव पूर्व तैयारी, प्रसव हेतु चिन्हांकित शासकीय अस्पताल तथा स्तनपान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जिला आर.सी.एच. नोडल डॉ. अर्चना चौहान द्वारा आवश्यक जानकारी दी गई। जिला सर्विलेंस अधिकारी सीबीएस बंजारे ने बताया कि, सत्र में गर्भवती महिलाओं एवं मितानिनों द्वारा उत्साहपूर्वक भाग लिया जा रहा है।

## तैयारी : धान एवं मक्का के लिए किसानों का पंजीयन 31 अक्टूबर तक

# किसान बदल सकेंगे धान बेचने नामिनी बायोमैट्रिक सिस्टम से केंद्रों में खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पिछले साल किसान अपनी जगह धान और मक्का बेचने के लिए नियुक्त किए नामिनी का नाम बदल सकेगें। इसके लिए समिति स्तर पर किसानों को आवेदन देने होगें। इसके आलावा पिछले साल जिन किसानों ने पंजीयन कराया है, उन्हें दुबारा पंजीयन की जरूरत नही होगी। हांलाकि रकबा में संसोधन और नया पंजीयन के मामले में किसानों को पंजीयन कराना होगा।

माना जा रहा हैं कि, राज्य शासन द्वारा आगामी सोलह नवंबर को कैबीनेट की आयोजित बैठक के बाद धान खरीदी नीति जारी की जा सकती हैं। उल्लेखनीय है कि, राज्य शासन द्वारा आगामी नवंबर माह में धान खरीदी किए जाने का निर्णय लिया है। बहरहाल जिले में हरूना धान की कटाई शुरू हो चुकी है। माना जा रहा है कि अर्ली वैराइटी किस्त के धान की मिंजाई भी दीपावाली पर्व के पहले हो जाएगी। ऐसे में अगर धान की खरीदी पन्द्रह नवंबर को होती है तो ऐसे किसानों को परेशानी का सामना करना पडेगा। क्योकि इन छोटे किसानों के पास धान को सहेजकर रखने का विकल्प नही होता है। ऐसे में किसान मजबूरी में कोचियों के हवाला अपनी उपज करेगे। यही कारण है कि किसान संगठन द्वारा पिछले साल की तरह इस बार भी एक नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किए जाने की मांग की जा रही हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि, मुख्य धान की कटाई किसान पर्व के बाद ही करेगें, लेकिन हरूना की कटाई शुरू हो चुकी है।

### राज्य शासन के निर्देश पर आगामी नवंबर माह से होगी जिले में धान की खरीदी

**खास बातें**

- पिछले साल की पंजीयन जानकारी होगी कैरीफारवर्ड
- परकबो में संसोधन ओर नया पंजीयन तहसील माड्यूल में होगें




#### 31 तक होगें पंजीयन

खरीफ विपणन 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान और मक्का की खरीदी के लिए किसानों का पंजीयन एक जुलाई से चल रहा है, जो 31 अक्टूबर तक चलेगा। पंजीयन के लिए सभी किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, सहकारी समिति प्रबंधक से संपर्क कर नया पंजीयन करा सकते हैं। सभी किसान अपने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, समिति प्रबंधक से संपर्क कर नया पंजीयन, फसल, रकबा संशोधन एवं कैरी फारवर्ड शीघ्र पूर्ण करा सकते हैं एवं वारिसान पंजीयन हेतु तहसील कार्यालय में आवेदन जमा कर सकते हैं, ताकि धान विक्रय करने वाले किसान को कृषक उन्नति योजना का लाभ प्राप्त हो सके।

#### नामिनी बनाने का मिलेगा विकल्प

खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में आधार आधारित प्रमाणीकरण प्रणाली के लिए किसान द्वारा धान विक्रय के समय धान खरीदी केन्द्र में स्वंय उपस्थित होकर या उनके द्वारा नामांकित नामिनी के द्वारा उपस्थित होकर बायोमेट्रिक आधारित खरीद प्रणाली के माध्यम से समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय किया जा सकता है। नामिनी के रूप में किसान के परिवार के नामित सदस्य में माता-पिता, पति-पत्नी, पुत्र-पुत्री, दामाद-पुत्रवधू, सगा भाई-बहन एवं अन्य करीबी रिश्तेदार को मान्य किया जाएगा। किसान यदि गत वर्ष पंजीकृत नॉमिनी में परिवर्तन करना चाहता है, तो समिति स्तर पर संशोधन की कार्यवाही की जाएगी। प्रत्येक खरीदी केन्द्रों स्थायी खरीदी केन्द्र प्रभारी नामांकित किया जाएगा। प्रभारी का भी आधार नंबर एकत्रित किया जाएगा।

# प्रचलित रोड को नेशनल हाइवे ने किया बंद, बढ़ी नाराजगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

वार्ड क्र. 17 स्थित बस डिपो में लगकर वाडों की तरफ जाने वाली 40 फीट रोड जो कि नेशनल हाइवे से एप्रोच रोड से जुडा हुआ है तथा उक्त मार्ग से लगभग 3 से 4 वाहों का आवागमन मार्ग है तथा उक्त मार्ग से हाइवा जैसे भारी वाहन बिल्डिंग मटेरियल लेकर अंदर के इलाको में प्रवेश करती है। आस-पास के नागरिको की मांग पर वार्ड पार्षद देवनारायण चंद्राकर द्वारा उक्त मार्ग पर स्थित नाली एवं पुलिया का निर्माण किया गया था। जिसे 2 अक्टूबर 2024 को नेशनल हाइवे अथोरिटी द्वारा तोडकर उक्त मार्ग को बंद करते हुए 3 फीट मोटाई एवं 30 फीट दीवाल का निर्माण किया जा रहा है। जिससे आवागमन बंद हो गया है तथा सभी भारी वाहन की आवाजाही वाडों की अंदरूनी गलियों से होकर गुजर रही है। जिसके कारण रोड एवं नाली का क्षतिग्रस्त एवं कोई बडी दुर्घटना होने की संभावना बनी हुई है। भविष्य में गंभीर दुर्घटना हो सकती है। आस-पास के लोगों ने स्थल पर पहुंचकर नेशनल हाइवे अर्थॉरिटी के अधिकारियों से मिलकर कार्यवाही तत्काल रूकवाया एवं नेशनल हाइवे अर्थॉरिटी द्वारा 7 दिनों का टाइम देकर कार्य को रोका गया है। पूर्व में आस-पास के व्यावसायिक परिसर को एप्रोच रोड से आने जाने की परमिशन भी दिया गया है। ऐसी स्थिति में जनहित को देखते हुए पुलिया एवं नाले को नेशनल हाइवे द्वारा पुनः बनाकर एप्रोच रोड में आवागमन की अनुमति दिलवाने की मांग कलेक्टर से की गई है। शिकायत में कहा कि, आगमी दिनों विरोध होने पर पूर्ण जवाबदारी नेशनल हाइवे की होगी।

# चिकन दुकान एवं अतिक्रमण को हटवाने कलेक्टर से लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ जनदर्शन में आज 130 आवेदन प्राप्त हुए

कलेक्टर जनदर्शन में बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे थे। इस दौरान पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, आर्थिक सहायता, अनुकम्पा नियुक्ति, सड़क मरम्मत, राशन कार्ड सहित गुहार लगाई गई हैं।

भिलाई निवासी ने रूआबांधा साप्ताहिक बाजार से ठेला व्यापारी को हटाने आवेदन दिया। अवैध ठेलों के कारण शाम से रात तक मार्ग अवरूद्ध रहता है, जिससे यातायात बाधित होती है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम रिसाली को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। नगपुरा निवासी ने वृद्धा पेंशन या लोक कलाकार संबंधी पेंशन दिलाने गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि, वह लोककला से जुड़ा हुआ है। उन्होने जीविका उपार्जन के लिए वृद्धा पेंशन की मांग की। बोरसी निवासी ने रिहायशी क्षेत्र से चिकन दुकान को हटवाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि, विगत वर्षो से रिहायशी क्षेत्र में चिकन की दुकान संचालित की जा रही है, जिसके कारण रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही खाली जमीन पर अवैध कब्जा कर कार वॉशिंग का काम भी किया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बोरई निवासी दिव्यांग ने बैटरी चलित ट्रायसायकल दिलाने आवेदन दिया। 80 प्रतिशत दिव्यांगता होने के कारण ट्रायसायकल के लिए संबंधित विभाग में आवेदन प्रस्तुत किया गया था। ट्रायसायकल के अभाव में जीवकोपार्जन करना मुश्किल हो रहा है। इस पर कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



#### जमीन पर कब्जा कर कार वाशिंग

बोरसी निवासी ने रिहायशी क्षेत्र से चिकन दुकान को हटवाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि, विगत वर्षो से रिहायशी क्षेत्र में चिकन की दुकान संचालित की जा रही है, जिसके कारण रहवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही खाली जमीन पर अवैध कब्जा कर कार वॉशिंग का काम भी किया जा रहा है। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम दुर्ग को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# बैंड बाजे के साथ श्रद्धालुओं को अयोध्या जाने किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ श्रद्धालुओं का रेलवे स्टेशन में स्वागत




राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) अंतर्गत अयोध्या के भगवान श्री रामलला के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को आज आस्था स्पेशल ट्रेन दुर्ग से रवाना किया गया। श्रद्धालुओं का रेलवे स्टेशन में भव्य स्वागत किया गया। बैंड की धुन में जय श्रीराम के नारे गूंज रहे थे।

रेलवे स्टेशन राम मय नजर आया। रेलवे स्टेशन में राम भक्तों को तिलक, माला पहनाकर स्वागत किया गया। दुर्ग रेल्वे स्टेशन से दोपहर 12 बजे अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, एडीएम अरविंद एक्का सहित रेलवे अधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर अयोध्या धाम के लिए ट्रेन को रवाना किया। दुर्ग ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से कुल 185 श्रद्धालुओं सहित कुल 850 श्रद्धालुगण शामिल है। 17 अक्टूबर की मध्य रात्रि दुर्ग रेल्वे स्टेशन वापसी होगी। इस यात्रा में बस्तर, बीजापुर, कोण्डागांव, नारायणपुर जिले के श्रद्धालुओं ने श्री रामलला दर्शन योजना की प्रशंसा करते हुए राज्य सरकार के अभिनव पहल के लिए छत्तीसगढ़ सरकार को कोटि-कोटि धन्यवाद दिया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अश्वनी देवांगन, एसडीएम हरवंश सिंह मिरी, उपसंचालक समाज कल्याण विभाग अमित सिंह परिहार एवं अन्य अधिकारी तथा जिला एवं जनपद पंचायत के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### सड़कों में मुरूम लेकर बगैर नंबर के दौड़ रही हाइवा

दुर्ग। खनिज विभाग की रहमोकरम पर इन दिनों जमकर अवैध मुरूम खनन का कार्य किया जा रहा है। मुरूम माफिया हाइवा वाहन में बगैर नंबर लिखे अवैध मुरूम परिवहन को अंजाम दे रहे है। रोजाना नगपुरा रसमडा मार्ग से मुरूम भरकर आ रही हाइवा में नंबर ही नही लिखा गया है। लेकिन इस ओर न परिवहन विभाग का ध्यान है और न ही खनिज विभाग ऐसे अवैध वाहनों की जांच कर रही है। मुरूम माफिया कार्यवाही से बचने वाहन से नंबर प्लेट ही हटा दे रहे हैं। जिले के दुर्ग ग्रामीण और अहिवारा इलाको में जमकर अवैध मुरूम खनन संचालित हो रहे हैं।



# ननि के टेंडर में पक्षपात की कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ कई ठेकेदारों को नहीं दिया जा रहा आवेदन, शिकायत

नगर निगम दुर्ग में करीब आठ करोड रूपए से अधिक की लागत वाली टेंडर के लिए तीसरी बार तिथि बदल दी गई है। इसे लेकर कई ठेकेदारों ने प्रभारी इंजीनियर पर भ्रषटाचार का आरोप लगाते हुए कलेक्टर से इसकी लिखित शिकायत की हैं। शिकायत में बताया गया कि, कार्यपालन अभियंता द्वारा सिर्फ चहेते ठेकेदारों को निविदा आवेदन दिया जा रहा हैं। जिसे लेकर ठेकेदारों में आक्रोश की स्थिति निर्मित हैं।

शहर के विभिन्न वार्डो के लिए राज्य शासन द्वारा करीब आठ करोड रूपए अधोसंरचना मद से जारी किए जाने की घोषणा की है। इस घोषणा के बाद निगम प्रशासन द्वारा आवेदन मंगाए जा रहे है। लेकिन यह तीसरी बार होगी, जब टेंडर की तारीख को कोई ठोस कारण बगैर बढा दिया गया है। जिसे लेकर ठेकेदारों का गुस्सा बढ रहा है। सोमवार को ठेकेदार निगम में फार्म लेने रसीद कटाने पहुंचे थे। लेकिन निगम के अधिकारियों द्वारा अपरिहार्य कारण बताते हुए निविदा पत्र प्राप्ति हेतु रसीद काटने की तिथि बदल दी गई। सरकार के एक पंजीकृत ठेकदार ने इस विषय में सीधे कलेक्टर को शिकायत करते हुए कहा कि, निगम के कार्यपालन अभियंता श्री गोस्वामी सिर्फ़ अपने द्वारा तय ठेकेदारों को हो निविदा पत्र प्राप्त करने हेतु रसीद देने की बात कहते हुए बाकी ठेकदारों को अगले निविदा में आने की सलाह दी है। इस विषय में जब ठेकदार ने निगम कमिश्नर लोकेश चंद्राकर से बात की गई तो उन्होंने इस विषय पर कार्यपालन अभियंता श्री गोस्वामी से बात करने कहा गया। शिकायत में लिखा हैं कि, टेंडर प्रक्रिया में किसे काम देना है और किसे काम नहीं देना है। इंजीनियर पर मनमानी का आरोप ठेकेदारों में नाराजगी है।

#### शासन को होगा राजस्व का नुकसान

ठेकदारों ने अपने शिकायत में यह भी आरोप लगाया है कि, उक्त अधिकारी टेंडर प्रक्रिया में प्रतिस्पर्धा न करवा कर सरकार को सीधे तौर पर आर्थिक हानि पहुंचा रहे है, वही अपने पसंदीदा ठेकदारों को लाभ पहुंचा रहे हैं। शिकायत में उक्त निविदा को रद्द करते हुए भ्रष्टाचार की जांच की मांगे की है और उक्त शिकायत की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव एवं नगरीय निकाय मंत्री सहित प्रभारी मंत्री को भेजी है।

## जिला पंचायत के संसाधन केन्द्र का मामला, फिर लगाए पौधे

# हरिभूमि की खबर के बाद प्रशासन ने लगाए पेड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ जिला पंचायत के संसाधन केंद्र का मामला

अंजोरा स्थित जिला पंचायत के संसाधन केन्द्र मैदान में एक बार फिर प्रशासन द्वारा पौधरोपण किया गया है। पिछले साल रोपित किए गए करीब पांच सौ पेड लगाने के बाद वर्तमान में एक भी पेड का नामोनिशान नही होने की खबर हरिभूमि द्वारा प्रकाशित की गई थी। खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन द्वारा एक बार फिर वहां पौधरोपण करा दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि, मनरेगा योजना के तहत रोपे गए इस कार्य में सैकडों छात्र और प्रशासनिक महकमा जुटा रहा। लेकिन साल बीतने के बाद यहां एक भी पौधा नही होने की शिकायत सामने आई थी। पिछले साल वर्ष 2023 में बारिश के दौरान करीब पांच एकड वाले इस मैदान में पांच सौ से अधिक फलदार पौधे रोपे गए थे। मार्निंग वाक ग्रुप सिविल लाइन के सदस्यों ने बताया था कि, पिछले साल पांच सौ पौधे लगाए गए थे। उस दौरान प्रशासन को पौधो के घेरे के रूप में जाली लगाने कहा गया था, जिस पर मनरेगा में प्रावधान नही होने की बात कही गई थी। यहां जामुन, करंज, बड, नीम आदि लगाए गए थे। लेकिन पौधा रोपने के बाद प्रशासन ने यहां सुरक्षा का कोई काम नही किया। जिसके चलते जहां कई पेडों की यहां से चोरी हो गई, वहीं मवेशी हरे-भरे पेडों के अस्तित्व में आने से पहले चट कर गए।





#### गेट में लगे ताले, अब सुरक्षा भी कराई

हरिभूमि द्वारा विगत तीन माह में खबर प्रकाशित की गई। जिसके बाद प्रशासन द्वारा वहां पौधरोपण कराया गया और पौधों के घेरा भी मवेशियों से बचाने लगाया गया है। अब देखना है कि, प्रशासन द्वारा लगाए गए इन सैकडों पेडों की सुरक्षा जिम्मेदारी अधिकारी कर पाएंगे या नही। इस मामले में कलेक्टर ने पौधरोपण के बाद अफसरों की जिम्मेदारी भी तय की थी।

#### हाईवे मार्ग पर नही लगाए पेड़

पुलगांव चौक से अंजोरा बाईपास तक चौडीकरण के दौरान एक हजार से अधिक पेड काटे गए थे। लेकिन उसके बदले पेड ही नही लगाए गए है। चौडीकरण के बाद डिवाइडर तो बनाए गए है। लेकिन डिवाइडर में भी पेड लगाने न ही ठेकेदार ने रूचि दिखाई और न ही पीडब्ल्यूडी विभाग ने पौधरोपण किया हैं।

## खबर संक्षेप



### जिमनास्टिक क्रीड़ा प्रतियोगिता में तीन विद्यार्थियों का चयन

**सेलूद।** राज्यस्तरीय शालेय जिम्नास्टिक क्रीड़ा प्रतियोगिता पेंड्रा में 14 से 17 अक्टूबर तक आयोजित हैं। जिसमें सेजस भिलाई 3 के खिलाड़ी नम्रता यादव 17 वर्ष में, अदिती बंजारे, सोनम देवांगन एवं निकिता 19 वर्ष बालिका में चयनित हुए हैं। उक्त खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता देंगे। खिलाडियों के चयन पर शाला की प्राचार्य मीरा अनिल कुमार, शाला विकास समिति की अध्यक्ष धनेश्वरी साहू, समन्वयक खिलेश वर्मा, हेमलता गजपाल, रश्मि गुप्ता, स्वेता करन, सुनिर्मल कांत बंछोर, रविप्रकाश देवांगन, रेणुका खतरी, रश्मि चौबे, माधुरी गौतम, संध्या तिवारी, पूनमचंद कंवर, यादवेंद्र वर्मा, अभिषेक जामरे, अर्चना एवं पीटीआई यीतेश साहू ने खिलाडियों को बधाई दी हैं।

### गांव-गांव तक पहुंच रहा है भाजपा सदस्यता रथ



**अंडा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा छत्तीसगढ़ के आह्वान पर दुर्ग जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा के संग सदस्यता अभियान के तहत भव्य रथ यात्रा की शुरुआत की गई। दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने किया। यह रथ यात्रा दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत भाजपा अंजोरा मंडल के ग्राम विनायकपुर, आलबरस, निकुम और तिरगा का भ्रमण किया। जहां युवा मोर्चा के कार्यकर्ता लोगों को भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर संभाग प्रभारी भाजयुमो भूपेन्द्र नाग, पूर्व सहकारी समिति के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन, जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, संभाग प्रदेश कार्यसमिति मनीष कुणाचा, आकाश सिंह ठाकुर, जितेन्द्र साहू, उपाध्यक्ष मुकेश बेलचंदन, जिला उपाध्यक्ष चिंटू यादव, सानिध्य चंद्राकर, प्रशांत अग्रवाल, टीकाराम साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार धमधा, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**

रा.प्र.क्र. / 202410100800005/अ-74/ वर्ष 2023-2024 ग्राम- नंदेली / प.ह.नं.- 18

**ईशतहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विमल कुमार जैन आ. चन्द्र जैन निवासी ग्राम नंदेली तहसील धमधा जिला दुर्ग के द्वारा इस न्यायालय के समक्ष आवेदन पेश किया है। कि ग्राम नंदेली प.ह.नं. 18 तहसील धमधा जिला दुर्ग में स्थित भूमि का खसरा नं. 202/2, 202/8, 202/9, 203 रकबा क्रमशः 0.5600, 0.8000, 0.2800, 0.2000 हे. कुल खसरा 04 कुल रकबा 1.8400 हे. जो वर्तमान भू-राजस्व अभिलेख बी-1 में विमल कुमार जैन आ. चन्द्र जैन के नाम पर दर्ज है। उक्त प्रश्नाधीन वादभूमि का आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम होने से द्वितीय प्रति डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्राप्त करने बाबत आवेदन पत्र के साथ खाते की नकल, शपथ पत्र, पुलिस हस्तक्षेप आयोग्य अपराध की सूचना, आनापत्ति/नोडयूड प्रमाण पत्र एवं चालान की मूल प्रति संलग्न कर दस्तावेज के अनुसार द्वितीय प्रति डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्राप्त कराने का निवेदन किया गया है।

उक्त ऋण पुस्तिका गुम होने के संबंध में यदि जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/समिति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने वैध अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में आगामी पेशी दिनांक 17/10/2024 तक न्यायालयीन अवधि में प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 03/10/2024
आगामी सुनवाई दिनांक- 17/10/2024

तहसीलदार
धमधा,
जिला-दुर्ग (छ.ग.)

## दशहरा : आतिशबाजी व रावण का पुतला दहन कर मनाया

# 'विजयादशमी' बुराई की शक्ति पर अच्छाई की जीत का पर्व : विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुथरेल में सार्वजनिक दुर्गा उत्सव एवं दशहरा पर्व समिति के तत्वावधान में आयोजित भव्य आतिशबाजी एवं पुतला दहन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। ग्राम कुथरेल में विगत कई वर्षों से बड़े ही धूमधाम से दशहरा पर्व मनाया जाता है यहां आतिशबाजी और रावण पुतला देखने दूर-दूर से लोग पहुंचते हैं।

इस वर्ष भी भव्य आतिशबाजी के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। बड़ी संख्या में आसपास के क्षेत्र के लोग कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। विधायक ललित चंद्राकर ने मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री रामचंद्र के पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया व कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनता जनार्दन को दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विधायक चंद्राकर ने ललित चन्द्राकर ने कहा कि दशहरा भारत के सबसे महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। इसी दिन भगवान राम ने बुराई के प्रतीक दस सिर वाले रावण का वध किया था। यह पर्व असत्य पर सत्य और बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। हम हर साल रावण का वध करते हैं, लेकिन इस पर्व की सार्थकता तब होगी जब हम मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के आदर्शों पर चले और काम, क्रोध, मद, लोभ रूपी रावण जो हमारे मन में है उसका वध करें और अपने जीवन में सत्य सदाचार को शाश्वत रखें।

इस वर्ष का यह कार्यक्रम हम सब लोगों के लिए विशेष है क्योंकि 500 वर्षों के बाद भगवान श्री राम जी भव्य मंदिर में प्रतिष्ठित हुए हैं यह हम सबके लिए गौरव और प्रसन्नता की बात है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य माया बेलचंदन, श्रम कल्याण मंडल उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, सरपंच राजश्री चंद्राकर, प्रदीप चन्द्राकर, संचालन उमेशचंद्र देशमुख, सागर दास मानिकपुरी, अध्यक्ष डॉ. त्रैमेश्वर चंद्राकर, लोमश चंद्राकर, धर्मेन्द्र साहू, नारायण यादव, लोकेश चंद्राकर, देवनारायण सोनवानी, दुस्यंत देशमुख, खिलेन्द्र चंद्राकर, भरत यादव, हेमलाल साहू, रमेश साहू, नरेन्द्र दास मानिकपुरी, नागेंद्र चंद्राकर, तामेश्वर दास मानिकपुरी, जितेन्द्र सेन सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

**कुथरेल के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए विधायक चंद्राकर**



### ननकट्ठी में पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया




**ननकट्ठी।** ग्राम ननकटठी में दशहरा का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम राम मंदिर से बाजे गाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। राम दल एवं रावण दल द्वारा पूरे गांव का भ्रमण किया गया। पंडित राम गोपाल तिवारी द्वारा रैनी पूजन करवाया गया, वहां से बाजार चौक सांस्कृतिक मंच पहुंची जहां रामलीला का मंचन किया गया। राम के रूप में हितेश कुमार यादव, लक्ष्मण कैलाश साहू, हनुमान भूषण ठाकुर, रावण लक्ष्मी नारायण यादव, मेघनाथ योगेश निषाद, बाली धरमू मरकाम, सुग्रीव मेघराज ठाकुर, विभीषण राजू विश्वकर्मा, कुंभकरण टोप राम निषाद, जामवंत भानु कुंभकार, अंगद भाग्यवान निषाद, सुशेनवैद्य गजानन निषाद सहित अन्य पात्रों ने रामलीला में अपनी भूमिका निभाई। जागृति मानस मंडली के द्वारा व्यास एवं संगीत मय पाठ किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पेटी मास्टर संतराम ठाकुर, तबला हीरा निषाद, धन्नू धनकर ढोलक, तामेश्वर ठाकुर बेंजो, पवन सेन व्याख्या, कोरस बुधराम निषाद एवं साथियों ने गायन किया। 15 फ़ीट में बने रावण का पुतला दहन किया गया। अंत में भगवान श्रीराम की आरती करके रामलीला का समापन हुआ। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच, उप सरपंच, पंचगण, ग्राम सभा के सदस्यगण, बाहर से आए हुए दर्शकगण, समस्त ग्रामवासियों सहित बडी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### ननकट्ठी में ज्योत जंवारा विसर्जन, निकाली शोभायात्रा



**ननकट्ठी।** ग्राम ननकट्ठी में ज्योत जवांरा विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकाली गई। सर्वप्रथम हनुमान मंदिर, महामाया मंदिर से ज्योत जंवारा की शोभायात्रा निकाली गई। आगे आगे जस गीत गाते सेवक चल रहे थे पीछे-पीछे माता रानी की जय बुलाते हुए भक्तगण साथ-साथ चल रहे थे। शोभा यात्रा बावली चौक होते हुए मां चंडीका मंदिर पहुंची, वहां से मां शीतला मंदिर पहुंच ज्योतजंवारा निकालकर 25 एकड़ के बने तालाब में विसर्जन किया गया। गौरतलब है कि महापर्व शारदीय नवरात्र पर्व में हनुमान मंदिर के महामाया मंदिर में 134, मां शीतला मंदिर में 55 एवं मां चंडिका मंदिर में 31 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित की गई। इस अवसर पर बाहर से आए हुए भक्तजन एवं ग्रामीण उपस्थित थे।



# कुगदा में ग्रामीणों के विरोध के बाद भी खुली शराब दुकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

कुम्हारी के करीब ग्राम कुगदा के सत्यनगर वार्ड 22 में नया शराब दुकान खुल गया है जिसका विरोध शराब दुकान के प्रारंभ होने के पूर्व से ही समस्त ग्रामवासियों एवं जनप्रतिनिधि द्वारा किया जा रहा था। विशेषकर महिलाएं इस फैसले से काफी क्रोधित हैं, क्योंकि कुछ वर्ष पूर्व भी कुगदा में शराब दुकान खोला गया था जिसका समस्त ग्रामवासियों द्वारा विरोध किया था, लोगों ने गिरफ्तारियां भी दी थी और जेल भी गए थे जिसके बाद शासन-प्रशासन को शराब दुकान को बंद करना पड़ा था।

■ जनप्रतिनिधियों सहित ग्रामीण भी कर रहे विरोध

ग्रामीणों के मुताबिक शराब दुकान के मार्ग में और आसपास किसानों के खेत हैं जहां महिलाएं कृषि कार्य के लिए जाती हैं जिससे उन्हें काफी असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। यही नहीं शराब दुकान के सामने रेलवे स्टेशन भी है जिससे यात्रियों व ग्रामीणों को आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

इतना ही नहीं शराब दुकान के पास ही पहली से 12 वीं कक्षा तक स्कूल और दूसरी तरफ महाविद्यालय भी है जहां दूर-दूर से छात्र-छात्राएं अध्यन के लिए आते हैं उन पर भी इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा। शराब दुकान के खुलने से अपराध भी बढ़ेगा। शराब दुकान से समाज के युवा पीढ़ी नशा के प्रति आकर्षित होगी जिससे उनकी शिक्षा और भविष्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ेगा जिससे सामाजिक विकास रूक जायेगा। पारिवारिक समस्याएं बढ़ेंगी तथा आपसी तनाव, परिवार में खींचातानी और आर्थिक तंगी उत्पन्न होगी जिससे समाज में अस्थिरता का माहौल निर्मित होगा।

### शराब दुकान खुलने के पूर्व ही सांसद को सौंपा था ज्ञापन

शराब दुकान खुलने के पूर्व ही ग्रामीणों ने विरोध करते हुए उसे बंद कराने के लिए दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल को ज्ञापन सौंपा था उन्होंने स्पष्ट कहा है कि कुछ वर्ष पहले भी कुगदा में शराब दुकान खोला गया था जिसका गांव वालों के द्वारा कड़ा विरोध कर उसे बंद करवाया था अतः वहां शराब दुकान न खोलना ही उचित होगा साथ ही उन्होंने लिखकर जिला कलेक्टर को पत्र भी भेजा है। इसके अलावा दुर्ग कलेक्टर को भी लिखित में ग्रामीणों के हस्ताक्षरयुक्त पत्र सौंपे गए लेकिन दुर्भाग्य है कि ग्रामीणों के इतने विरोध के बावजूद यहां शराब दुकान खुल गया जिसमें ग्रामवासियों में बेहद आक्रोश का माहौल है। ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख घासीराम धीवर, माखन लाल कोसरिया, सुरेश अग्रवाल (छोटू), ढालसिंह मारकंडे, दिलेश्वर मारकंडे, खुमान सिंह मारकंडे, राजू मारकंडे, राजू निषाद कुम्हारी मंडल अध्यक्ष, लोकेश कुमार साहू नेता प्रतिपक्ष व पार्षद वार्ड 19, विनोद कुमार बंजारे पार्षद वार्ड क्रमांक 6, राजमहंत ओंकार प्रसाद मारकंडे पार्षद सत्यनगर वार्ड 22 कुगदा व जिला महामंत्री अनुसूचित जाति मोर्चा जिला भिलाई एवं प्रमोद चन्द्राकर पार्षद आदि शामिल हैं।

# सदस्यता लक्ष्य के लिए घर-घर पहुंच रहे भाजपा कार्यकर्ता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

सदस्यता अभियान 2024 रथ क्रमांक 14 का मध्य पाटन मंडल में आगमन हुआ जिसमें संगठन पर्व के अंतर्गत मंडल क्षेत्र के ग्राम सेलूद, फुंडा एवं पाटन नगर के विभिन्न हिस्सों में नागरिकों से मिलकर उन्हे भाजपा की रीति-नीति से जोड़कर ऑनलाइन सदस्यता दिलाई गई। भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू ने कहा संगठन पर्व को लेकर जनमानस में भी हर्ष है कि वे नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प का हिस्सा बन रहे हैं। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन अभियान को धरातल पर पहुंचाकर हर वर्ग तक भाजपा के इस अभियान को पहुंचाने और प्रत्येक बूथ में 3 सक्रीय सदस्य बनाने की अपील की।

■ भाजयुमो मध्य पाटन मंडल द्वारा सदस्यता अभियान का दूसरा चरण प्रारंभ किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सदस्यता का नवीनीकरण कर पार्टी के सदस्यता अभियान की शुरुवात की थी पार्टी ने इस बार 10 करोड सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष जीत यादव ने कहा भारतीय जनता पार्टी के प्रति लोगों मन में श्रद्धा और सम्मान का भाव है। भारत की माटी से प्रेम करने वाला प्रत्येक व्यक्ति भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति से जुड़ना चाहता है। युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कुणाल शर्मा ने कहा भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राज्य के मुखिया विष्णु देव साय के कार्यों को लेकर जनता के बीच लगातार जा रहे हैं। संगठन पर्व को लेकर कार्यकर्ता सहित जनमानस में इस बात की खुशी है कि सदस्यता अभियान के माध्यम से अब वे सभी राष्ट्र निर्माण में जुटी भाजपा के साथ विकसित भारत के संकल्प के सारथी बनेंगे। प्रत्येक युवा मोर्चा का कार्यकर्ता लक्ष्य प्राप्ति के पूर्ण रूप से संकल्पित है। भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला रथ यात्रा प्रभारी आकाश ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ, सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास इस ध्येय वाक्य को हृदय में रखकर कार्य करने वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एतिहासिक निर्णय का ही प्रभाव है कि आज लोगों का भाजपा पर इस प्रकार अटूट विश्वास बना हुआ और संगठन पर्व तेज गति से आगे बढ़ रहा है।

### यह रहे उपस्थित

इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, भाजपा मंडल अध्यक्ष खेमलाल साहू, भाजयुमो प्रदेश सहकोषाध्यक्ष शुभम शर्मा, नगर बीजेपी अध्यक्ष होरीलाल देवांगन, सागर सोनी, सांसद प्रतिनिधि नीतेश तिवारी, जागेश्वर देशलहरे, प्रेम कुर्रे, केवल देवांगन, महिला मोर्चा अध्यक्ष निशा सोनी, महामंत्री सीता देवांगन, जिला युवा मोर्चा महामंत्री मनोज शर्मा, सानिध्य चंद्राकर, मनीष पुनाचा, कमल शर्मा, जितेंद्र साहू, प्रशांत अग्रवाल, नीतेश जैन, तुषार देवांगन, विनीत देवांगन, मंडल महामंत्री रोशन वर्मा, महामंत्री ओम साहू, उपाध्यक्ष भास्कर वर्मा, मंत्री नारायण पटेल, उपाध्यक्ष पुष्कर साहू, कालेश्वर शुक्ला, जयंत कुमार साहू, ईशान यादव, गौरव पटेल, हिमांशु कुर्रे, कुणाल वर्मा, शंकर यदु, ज्ञान वर्मा, विज्जु देवांगन, छबिश्याम देवांगन, नीलकंठ देवांगन, राज देवांगन, मिलन देवांगन, कुणाल शर्मा, घनश्याम सोनी, तन्मय धुरंधर सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार पाटन, जिला दुर्ग छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 202410100900038 अ-6 वर्ष 2024-25

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्व साधारण एवं ग्राग भोथली प.ह.नं. 01 तहसील पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाषित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार साहू पिता संतराम साहू निवासी रायपुर द्वारा ग्राम भोथली प.ह.नं. 01 तहसील पाटन जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 81 का टुकड़ा रकबा 1500 वर्गफीट भूमि को भूमिस्वामी विक्रेता लालजी साहू पिता स्व. श्री दशरू साहू द्वारा आम मु. मानसिंह पिता कोदूराम साहू से पंजीकृत बैनामा दिनांक 25.05.2011 से क्रय अधार पर अपने नाम नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक राजेश कुमार साहू पिता संतराम साहू निवासी रायपुर द्वारा पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो आप अपनी लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 04.11.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा के साथ आज दिनांक 10.10.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
पाटन, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**।। ईश्तहार ।।**

रा.प्र.क्र.-202410102700006/ ब-121 / वर्ष 2024-25

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक फगुवाराम वर्मा पिता स्व. सुखउराम वर्मा, निवासी ग्राम नवागांव, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा ग्राम नवागांव, प.ह.नं.-06, रा.नि.मं. बोरी, तहसील बोरी, जिला दुर्ग में उनकी माता देवबती पति सुखउराम की मृत्यु दिनांक 15/07/2000 को ग्राम नवागांव, तहसील बोरी जिला दुर्ग में हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र आदेश प्रदाय बाबत आवेदन पत्र मय शपथ-पत्र, पुलीस जॉच रिपोर्ट, ग्राम पंचायत प्रमाण पत्र, पटवारी प्रतिवेदन एवं जिला योजना सांख्यिकी विभाग दुर्ग का अनुपलब्धता प्रमाणपत्र संलग्न कर पेश किया गया है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्तानुसार आवेदक को उनकी माता देवबती पति सुखउराम का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति /दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 29/10/2024 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति /दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 10/10/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
बोरी

**न्यायालय तहसीलदार बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)**

**// ज्ञापन //**

क्रमांक/ Q/ तह./ वाचक/2024
बोरी, दिनांक 07.10.2024

प्रति,
पटवारी हल्का नंबर - 07, ग्राम करेली,
तहसील बोरी, जिला-दुर्ग

विषय :- जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किये जाने बाबत ।

आवेदक गजेन्द्र बंजारे पिता स्व. तोषण बंजारे निवासी ग्राम करेली, तहसील बोरी, जिला दुर्ग छ.ग. द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम करेली, प.ह.नं. 07, तहसील बोरी स्थित शामिलात खाते में दर्ज भूमि ख.नं. 173, 396, 357, 616, 828/1, 828/2, 829, 834, 836 रकबा क्रमशः 0.07, 0.09, 0.15, 0.37, 0.11, 0.34, 0.10, 0.27 हे. कुल खसरा 09, कुल रकबा 1.59 हे. आवेदक गजेन्द्र बंजारे पिता तोषन व अन्य 04 के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि की मूल ऋण पुस्तिका आवेदकगण को आज तक जारी नहीं की गई है जिससे कृषि संबंधी कार्यो में परेशानी हो रही है। अतः मूल ऋण पुस्तिका जारी किये जाने निवेदन किया है, जोकि इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आप वादभूमि के संबंध में जांच प्रतिवेदन आगामी सुनवाई दिनांक 22.10.2024 तक अथवा उसके पूर्व प्रस्तुत करें।

तहसीलदार बोरी
तहसील बोरी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

## बिजनेस साइट

# कमला मोटर्स में कंबाइन की डिलीवरी



**भिलाई।** रविवार को भगवान विष्णु की पूजा आराधना कर रगरा खैरागढ़ के कृषक लाला राम वर्मा ने कृषि कार्य में उपयुक्त बहुफसली सेल्फ प्रपोल्ड कंबाइन यंत्र केएस 9300 की खरीदारी करने अपने गांव के साथियों के साथ कमला मोटर्स दुर्ग में आकर अपनी मीठी मुस्कान से समस्त वातावरण में श्रृंगार रस घोलकर स्वयं को गौरावान्वित महसूस करने लगे। यूं तो देश में कंबाइन बनाने वाली अनेकों कंपनियां है, लेकिन जो सर्विस केएस ग्रुप आफ कंपनी में देखने को मिलती है शायद ही किसी और औद्योगिकी में हो। बिक्री से ज्यादा बिक्री पश्चात सेवा के तर्ज पर कार्य करने के उद्देश्य के चलते ही आज केएस ग्रुप आफ कंपनी में ग्राहकों का इंतजार ना करते हुए सिर्फ मशीनों के निर्माण एवं रखरखाव पर ही ध्यान केंद्रित करती है। यंत्र की डिलीवरी प्रदान करते हुए कमला मोटर्स के संचालक कैलाश कुमार जैन, बरमेचा सेल्स प्रमोटर सत्य श्री लक्ष्मी नारायण चंद्राकर, मैकेनिक किशोर निषाद, मशीन ग्रहण करते हुए रगरा के कृषक लालाराम वर्मा, सुरेश जंघेल, रूपेंद्र पटेल, दीपक वर्मा, टॉप सिंह पटेल, विजय निषाद, मकसूदन वर्मा। ज्ञात हो जब केएस एग्रोटेक की मशीनरी लहराते खेतों में अटखेलियां लेते हुए फसलों की कटाई करती है तो आसपास के कृषक एवं राह चलते राहगीरों के पैर कुछ पल के लिए स्थिर होकर एक वातावरण में मुस्कुराहट लाकर देश की प्रगति में अपनी सहमति प्रदान करते हैं।

**आम सूचना**

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार मुख्त्यार नियुक्तकर्ता सैय्यद दिलशाद अली पिता सैय्यद नवाब अली निवासी सडक नं. 02 कसारीडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न सूचना प्रेषित करता हूं कि मौजा-ग्राम थनौद प.ह.न. 28 रा.नि.मं. अंजोरा ख तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. में भूमि स्थित है जिसका खसरा नं. 298/3 रकबा 0.110 हेक्टेयर, (जिसका आम मुख्त्यार प्राप्तकर्ता) श्रीमती वाय शारदा पति आर. प्रशांत निवासी-एच.आई.जी./58 बोरसी कालोनी वार्ड 51, दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. को आम मुख्त्यार नियुक्त किया गया था जिसका दिनांक 17/04/2023 है जिसका पुस्तक 4 ग्रंथ क्रमांक 111 में पृष्ठ 78 से 92 पर विलेख क्रमांक 27 देकर उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग से निष्पादित किया गया है।

जिसे मेरा पक्षकार के द्वारा आज दिनांक को आम सूचना के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि (आम मुख्त्यार प्राप्तकर्ता) श्रीमती वाय शारदा पति आर प्रशांत को दिया गया है आम मुख्त्यार को निरस्त किया जा रहा है जिसमें किसी भी प्रकार की आपत्ति नही है भविष्य में आम मुख्त्यार प्राप्तकर्ता व उसके पति व पुत्र पुत्री वारिसानों का हक दावा उपरोक्त वर्णित संपत्ति के समझ झूठा व शून्य माना जावेगा।

अतः उक्त सव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति संस्था, बैक, बीमा, वित्तीय संस्था, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था को किसी भी प्रकार से दावा आपत्ति हो तो मय लिखित दस्तावेजो के साथ मेरे नीचे लिख पते पर प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के भीतर कर अथवा मेरा पक्षकार (मुख्त्यार नियुक्तकर्ता) सैय्यद दिलशाद अली अपने पक्ष /या अन्य को बयनामा पंजीयन करा लेगा, समयवधि पश्चात की गई आपत्ति शून्य एवं अमान्य मानी जावेगी तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी।

सो सूचना जाने
स्थानः-दुर्ग (छ.ग.)
दि. 14-10-2024

शकील खान
अधिवक्ता
तहसील परिसर, दुर्ग (छ.ग.)
मो: 7509611110

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**




## तिरगा में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

**अंडा।** ग्राम तिरगा में सर्जना युवा समिति के युवाओं द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन कर विविध कार्यक्रम संचालित किया गया। स्वच्छता के संदेश जागरूकता, प्रश्नोत्तरी, भाषण, कविता कार्यक्रम हुआ। सर्वप्रथम महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। वहीं अनेक स्थानों में स्वच्छता अभियान चलाकर साफ-सफाई किया गया। समिति अध्यक्ष हेमंत ऋषि, देवी सिंह देशमुख, डोमन सिंह, नवीन, कन्हैया ने पौधारोपण कर पौधों को संरक्षित किया गया। दाऊ कुर्मी प्यारे लाल बेलचंदन शास. उच्च माध्य. विद्या. तिरगा में गांधी व शास्त्री जयंती समारोह का आयोजन हुआ। क्षेत्र के जनपद सदस्य हेमकुमारी देशमुख ने महात्मा गांधी के जीवन पर प्रकाश डाला। ग्राम पटेल बाबूलाल देशमुख ने शास्त्री को सादगी का प्रतीक बताते हुए कहा कि शिक्षा प्राप्त करने के लिए कम साधनों में बेहतर शिक्षा प्राप्त कर देश में हरित क्रांति का लहर देकर जय जवान जय किसान का नारा बुलंद किया। विद्यालय प्राचार्य पुष्पा रामटेके ने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कृत कर अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पूर्व सरपंच घसिया राम देशमुख, रघुनाथ देशमुख, श्रद्धा दुबे, घनश्याम आदि उपस्थित थे।

**निधन**

## लक्ष्मीकांत शिर्के



**दुर्ग।** मराठा समाज के सदस्य लक्ष्मीकांत शिर्के राम कृष्ण हॉस्पिटल रायपुर में सोमवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 15 अक्टूबर को रायपुर के मारवाड़ी श्मशानघाट बूढ़ापारा में किया जाएगा। अंतिम यात्रा आनंद निकेतन,अवंती विहार रायपुर से निकलेगी। वे मूलतः बोरसी दुर्ग के रहने वाले थे।

# सेनेटरी नेपकीन: सेहत और सुरक्षा के साथ महिलाएं आत्मनिर्भर भी होंगी

## बीएसपी ने ग्राम पंचायत पाउवारा को सेनेटरी पैड मेकिंग मशीन का किया हस्तांतरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सीएसआर पहल के तहत ग्राम पाउवारा में, ग्राम पंचायत पाउवारा के महिला समूह को सेनेटरी पैड बनाने वाली मशीन के हस्तांतरण किया। जिसमें बीएसपी सीएसआर ने महिला सशक्तिकरण के लिए गांव के स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को मेसर्स सुलभ इंटरनेशनल सेंटर फॉर एक्शन सोशियोलॉजी एंड सोशियोलॉजी फॉर सैनिटेशन नई दिल्ली के सहयोग से एक सेनेटरी पैड बनाने की मशीन उपलब्ध कराई। गांव में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबन्धक उत्पल दत्ता । विशिष्ट अतिथि कृषि सभापति (जनपद पंचायत दुर्ग) राकेश हिरवानी, सरपंच (पाउवारा) वामन साहू, रूमा दत्ता, महासचिव (भिलाई महिला समाज) साधना गोयल, सहसचिव सोनाली रथ, वाइस प्रेसिडेंट (सुलभ इंटरनेशनल) सोनम मिश्रा और वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े थे। मुख्य अतिथि ने ग्राम पंचायत पाउवारा के महिला समूह को सेनेटरी पैड मेकिंग मशीन के संदर्भ में किसी भी प्रकार की सहायता के लिए बीएसपी सीएसआर के उपलब्ध होने का आश्वासन दिया।



### स्कूली बच्चियों को दो रुपए में मिलेगी

सेनेट्री पैड मशीन के लग जाने से स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के क्षेत्र में कार्य होगा और महिलाएं आत्मनिर्भर होकर भी कार्य कर सकेंगी। ग्रामीण महिलायें (स्वयं सहायता समूह) सेनेटरी नैपकिन मशीन से, सेनेटरी बैंक के कच्चे माल का उपयोग करके कम लागत वाले सेनेटरी पैड का उत्पादन कर सकेंगी। स्कूली बच्चों/महिलाओं के लिए बनाए गए पैड की कीमत लगभग 2 रुपये होगी और इसे महिला स्वयं सहायता समूह/स्कूल से कभी भी प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए स्वचालित सेनेटरी नैपकिन वन डाई मशीन, यूवी स्टेरिलाइजर, हल्के स्टील से बना कच्चा माल रोल स्टैंड, नैपकिन के लिए कच्चा माल, सेनेटरी नैपकिन पैकेट और सीलिंग मशीन प्रदान किया गया। केके वर्मा ने आभार प्रदर्शन किया।

## मांगों के समर्थन में कर्मचारियों ने की नारेबाजी, ग्रेच्युटी की सीमा सीलिंग को करें खत्म

# बोनस फार्मूला रद्द करने व एरियर्स भुगतान को लेकर दिया महाधरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई


सेल के स्थाई कर्मचारियों के 39 माह का बकाया एरियर्स भुगतान, भ्रामक बोनस फार्मूला रद्द करने आदि मांगों को लेकर संयुक्त ट्रेड यूनियन सोमवार को भिलाई इस्पात संयंत्र के सामने मुर्गा चौक पर महाधरना दिया। यूनियन नेताओं की अगुवाई में कर्मचारियों ने मांगों के समर्थन में नारेबाजी की। यूनियन ने ऐलान किया कि जल्द ही यदि उच्च प्रबंधन द्वारा मांगों को पूर्ण नहीं किया गया तो 28 अक्टूबर को बीएसपी सहित पूरे सेल में ऐतिहासिक हड़ताल होगी।

कर्मचारियों की लंबित मांगों को इंसेंटिव स्कीम पुनर्निधारण, 39 माह का बकाया एरियर्स भुगतान, ग्रेज्युटी सीलिंग हटाने, जनवरी 2022 से एक अतिरिक्त इंक्रीमेंट देने, ठेका कर्मियों को स्थाई कर्मियों के S-1 ग्रेड का वेतनमान देने, ईएसआई की सीमा 50,000/- करने, 20% बोनस देने, आरआईएनएल के कर्मियों को वेतन पुनर्निधारण लागू करने की मांग को लेकर सेलव्यापी आंदोलन के तहत संयुक्त ट्रेड यूनियन द्वारा सेक्टर एक चौक पर सुबह 8 से शाम 6:30 तक महाधरना दिया गया । इसमें बीएमएस, इंटक,एटक एचएमएस, सीटू , ऐक्टू, लोईमू, इस्पात श्रमिक मंच और स्टील वर्कर्स यूनियन के नेतृत्व में बीएसपी कर्मियों ने भाग लिया। धरना के दौरान संयुक्त यूनियन के नेताओं ने कहा कि 1 अक्टूबर की बोनस बैठक में सभी नेताओं ने भ्रामक बोनस फार्मूला को रद्द करते हुए 40500 रुपए से ऊपर की मांग की, जिस पर प्रबंधन ने ठुकरा दिया। प्रबंधन ने 5 अक्टूबर के प्रदर्शन से घबरा कर आनन फानन में एकतरफा निर्णय लेकर कर्मियों के खाते में मात्र 26500 होन, डाल दिया, जिससे कर्मी और ज्यादा नाराज हो गए। उन्होंने कहा कि1970 में त्रिपक्षी समझौता के माध्यम से कर्मियों को असीमित ग्रेच्युटी का अधिकार मिला था जिसे प्रबंधन ने एक तरफा निर्णय लेकर ग्रेच्युटी को सीमित कर दिया। मांग की कि ग्रेच्युटी सीमित करने संबंधित एकतरफा आदेश को निरस्त कर ग्रेच्युटी पर थोपे गए सीमा सीलिंग को हटाया जाए।

**संयुक्त यूनियन ने बनाया दबाव, ठेका मजूदरों को भी मिले एस-वन ग्रेड के बराबर वेतन**

### आरआईएनएल में वेतन पुनर्निर्धारण लागू नहीं

एनजेसीएस में हुए एमओयू के तहत सेल के सभी इकाइयों में 1 अप्रैल 2020 से नया वेतनमान लागू किया गया लेकिन आरआईएनएल के कर्मियों के लिए भी वेतन पुनर्निर्धारण अभी तक लागू नहीं किया गया है। पुराना वेतन भी महीने में दो किस्त में दिया जाता है। अक्टूबर माह का पहले किस्त अभी तक नहीं दिया गया है वही ठेका श्रमिकों को तीन-तीन माह तक वेतन नहीं दिया जा रहा है । संयुक्त यूनियन ने कहा कि अभिलंब वेतन पुनर्निर्धारण बिना किसी शर्त के लागू किया जाए एवं उन्हें तत्काल एरियर्स दिया जाए। संयुक्त यूनियन ने कहा कि लगातार महंगाई बढ़ रही है जिसके कारण 13% एमजीबी से कर्मियों को लगातार घाटा हो रहा है जिसकी भरपाई के लिए सभी कर्मियों को 1 जनवरी 2022 से एक अतिरिक्त इंक्रीमेंट दिया जाए। ताकि सभी कर्मियों को राहत मिल सके।



### 28 अक्टूबर को होगी हड़ताल

यूनियन नेताओं ने कहा कि प्रबंधन पिछली कुछ वर्षों से कर्मियों के विरोध में लगातार एकतरफा निर्णय ले रही है जिससे कर्मी आक्रोशित हैं एवं आर पार की लड़ाई का मन बना रहे हैं यदि प्रबंधन मजदूर विरोधी निर्णय को वापस लेते हुए 39 माह के एरियर्स से लेकर बोनस निर्धारण तक ग्रेच्युटी सीलिंग हटाने से लेकर ठेका मजदूर के वेतन निर्धारण तक 28 अक्टूबर के पहले सही निर्णय नहीं लिया तो 28 अक्टूबर को 30 जून 2021 की तरह ऐतिहासिक हड़ताल होगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी। धरने के दौरान शाम 5:50 यूनियन के लोग उस समय आक्रोशित हो गए जब एक तेज रफ्तार ट्रक ने संयंत्र कर्मी की कार को इतना जोरदार टक्कर मारा की कार साइड से पिचक गई । उसकी मुश्किल से उसकी जान बची। यूनियन नेताओं नेआईआर विभाग पर नो एंट्री टाइम में भी ट्रैकों की आवाजाही कराने का आरोप लगाया।

## गटर चेंबर निर्माण कार्य में भर्राशाही अधूरी फ्लोरिंग से बढ़ेगी जाम की समस्या





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

चंद महीने पूर्व गंदगी और बदबू से परेशान वैशालीनगर कालोनी के लोग खुश थे कि अब सीवेज (गटर) के पुराने चेंबर संधारण का कार्य शुरु हो जाने से उन्हें इस समस्या से निजात मिल जाएगी। लेकिन नगर निगम भिलाई की उदासीनता से रहवासियों के लिए यह सिर्फ भ्रम साबित हो रहा है। नाली और चेंबर के निर्माण और संधारण कार्य में अनियमितता और लापरवाही से सीवरेज यानी मलमूत्र के जमाव की समस्या यथावत बनी रहेगी। कालोनीवासियों ने नगर निगम के कमिश्नर से गुणवत्तापूर्ण कार्य की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

- वैशाली नगर के लोगों ने ननि कमिश्नर से की समस्या के निदान की मांग

नगर निगम द्वारा वैशालीनगर कालोनी में नाली व गटर के चेंबर निर्माण और संधारण का कार्य करवाया जा रहा है। यह कार्य पंद्रह साल बाद हो रहा है। लेकिन सीवेज चेंबर के निर्माण कार्य को लेकर निगम के अधिकारियों की लापरवाही से रहवासी परेशान हैं। कालोनीवासियों ने बताया कि चेंबर की नाली खुदाई के दौरान और संधारण कार्य गुणवत्ताहीन होने से गंदगी व बदबू की समस्या आगे भी बने रहने का अंदेशा है। इसकी वजह गटर के चेंबर के लिए खुदाई के बाद पाइप के नीचे सीमेंट की फ्लोरिंग ठीक से नहीं किया जा रहा है। बेस कांक्रीटीकरण निर्धारित मानक के अनुरुप नही किया जा रहा है। सीवरेज के प्रदूषित मलमे के बहाव या ढलान का ध्यान नहीं रखे जाने से फिर से मलमूत्र के जाम होने की समस्या बनी रहेगी। मलमूत्र बहने की पर्याप्त जगह नहीं होने से गटर जाम की समस्या बढ़ जाएगी। ईडब्ल्यूएस 191 से 202 और ईब्ल्यूएस 148 से क्वार्टर 160 तक कई में पुराने चेंबर निर्माण कार्य के दौरान न तो बेस कांक्रीटीकरण मानकों के अनुरुप किया जा रहा है और न ही प्रदूषित पानी के बहाव के लिए ठीक से स्पेस दिया जा रहा है। इससे गटर जाम की समस्या बढ़ जाएगी। मलमे का प्रवाह ठीक से नहीं होने से जाम से बदबू व दुर्गंध के साथ मौसमी बीमारियों की भी खतरा बना रहेगा। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम के कमिश्नर से वरिष्ठ इंजीनियरों के नियमित निगरानी चेंबर निर्माण कराने की मांग की है।

## राजमाता अहिल्या देवी होल्कर के व्यक्तित्व और कृतित्व पर निबंध व भाषण स्पर्धा 16 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर के तत्वाधान में प्रदेश स्तरीय निबंध व भाषण स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। दुर्ग संभाग के महाविद्यालयों में स्थापित 30 अध्ययन केद्रों द्वारा राजमाता अहिल्यादेवी होल्कर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर भाषण व निबंध स्पर्धा का आयोजन 16 से 19 अक्टूबर के मध्य होगा। इनमें दुर्ग संभाग के सभी शासकीय व गैर-शासकीय महाविद्यालय व विद्यालयों के विद्यार्थी शामिल हो सकते हैं। शालेय स्तर पर प्रथम वर्ग में कक्षा 8वीं के विद्यार्थी तथा दूसरे वर्ग में कक्षा 9 से 12वीं के प्रतिभागी इसमें शामिल हो सकते हैं। महाविद्यालय वर्ग में स्नातक या स्नातकोत्तर स्तर के किसी पाठ्यक्रम या विषय के विद्यार्थी शामिल होंगे।

- पं.सुंदरलाल शर्मा विवि का आयोजन

क्षेत्रीय केंद्र दुर्ग के क्षेत्रीय समन्वयक डॉ डी एन शर्मा ने बताया कि अध्ययन केंद्र स्तर पर आयोजित स्पर्धाओं में विजेताओं को दूसरे चरण में संभागीय स्तर पर स्पर्धा में शामिल होना होगा। संभाग स्तर में विजेताओं को राज्य स्तर पर पंडित सुंदरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, बिलासपुर मुख्यालय में तीसरे चरण की स्पर्धा में शामिल होना होगा। राज्य स्तर पर प्रत्येक स्पर्धा के हर वर्ग में रुपए 11000/- का प्रथम पुरस्कार तथा रुपए 5000/- व रूपये 2500/- क्रमशः द्वितीय व तृतीय पुरस्कार के रूप में प्रदान किया जाएगा। स्पर्धा के हर चरण में सभी शामिल प्रतिभागियों तथा विजेताओं को विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाणपत्र दिये जायेंगे।

## छावनी के युवक की हुई हत्या आत्महत्या बताने की कोशिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

धरमकांटा छावनी वार्ड-41 निवासी युवराज राम साहू की पिछले दिनों गुंडरदेही थाना अंतर्गत ग्राम डंगनिया में मौत हो गई। पुलिस की प्रारंभिक जांच के दौरान युवक का शव फांसी पर झूलता पाया गया, जिसके आधार पर माना जा रहा है कि मृतक ने फांसी लगाकर खुदकुशी की, लेकिन परिजनों का मानना है कि मृतक के शरीर पर चोट के निशान थे। कुछ जगहों पर खून भी नजर आया। इसलिए मामले को संदिग्ध मानते हुए हत्या का केस दर्ज कर मामले की जांच की जाए। शिकायत भरतराम साहू ने की। उसने शिकायत में कहा कि उसका नाती युवराज राम साहू डंगनिया ढाबा में 16 महीने तक काम करते रहा। मोहल्ले का ही चन्दन बोरकर काम कराने के नाम पर लेकर गया। 12 सितंबर को रात में 10:30 बजे फोन आया। फोन चन्दन बोरकर ने किया। उसने बताया कि तुम्हारा नाती युवराज राम साहू ने फांसी लगा लिया है। रात में ही 3:30 बजे परिवार के साथ भरत राम डंगनिया पहुंचा। उनके पहुंचने से पहले ही पुलिस मौके पर पहुंच चुकी थी। मृतक को जमीन पर लेटाया गया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि 4 फीट ऊंचाई में रस्सी बंधी हुई थी। पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। 13 सितंबर को अंतिम संस्कार किया गया। युवराज राम साहू के शरीर में चोट के निशान भी थे। इस पर परिजनों को संदेह है कि युवरात की हत्या हुई। उन्होंने आईजी और पुलिस अधीक्षक से मामले में जांच की मांग की है।

- परिजनों ने पुलिस अधीक्षक से की जांच की मांग

## बीएकेएस स्वतंत्र रुप से 28 को करेगी हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ भिलाई ने सिर्फ बीएसपी कर्मचारियों के मुद्दे पर भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन को हड़ताल का नोटिस सौंपा है । बीएकेएस ने 28 अक्टूबर को हड़ताल आयोजित करने का ऐलान किया है । सेल कारपोरेट कार्यालय द्वारा मनमाने तरिके से बोनस /एएसपीएलआईएस फॉर्मुला लागू करने , एनजेसीएस संविधान का उल्लंघन करने, जूनियर इंजीनियर पदनाम व प्रोडक्शन रिलेटेड पे लागू करने तथा श्रम कानूनो का उल्लंघन कर कर्मचारियों को स्थांतरित करने के मुद्दे पर हड़ताल की जाएगी । बीएकेएस के महासचिव अभिषेक सिंह ने बताया कि बीएकेएस बोकारो ने इसको लेकर 19 अक्टूबर को बोकारो में हड़ताल भी बुलाया है । वही आरएकेएस राउरकेला की अगुवाई में राउरकेला में कर्मचारी काला बैज लगा कर विरोध दर्ज कर रहे है । वेज रीविजन, फिटमेंट तथा पर्क्स एरियर पर बीएकेएस पहले से दिल्ली कैट में केस लड़ रही है । साथ ही अन्य मुद्दे को भी कोर्ट में उठाने की तैयारी है । सेल में औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947, कारखाना अधिनियम 1948, इण्डस्ट्रियल एम्पलायमेंट एक्ट 1946 का घोर उल्लंघन हो रहा है । कर्मचारियों के न तो प्रतिनिधि निर्वाचित है तथा न ही एनजेसीएस रजिस्टर्ड संस्था है। सेल प्रबंधन अपनी मर्जी कर्मचारियों पर थोपे जा रही है।

- प्रबंधन को दिया नोटिस
- सेल प्रबंधन अपनी मर्जी कर्मचारियों पर थोपे जा रही है

## प्रधान आरक्षक के मकान में चोरी

**भिलाई।** एक साथ तीन मकानों का ताला तोड़कर लाखों रुपए का सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 35 (ए), 331 (4) के तहत जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि वार्ड 57 उरला दुर्ग निवासी वेंकट श्रीनिवास सक्ती रक्षित केन्द्र में प्रधान आरक्षक रेडियो के पद है। परिवार समेत चरोदा गए हुए थे। इस दौरान मकान में ताला जड़ा हुआ था। वापस घर लौटने पर मकान का ताला टूटा पड़ा मिला। अज्ञात ने मकान से सोना चांदी के जेवरात समेत नगदी 10 हजार रुपए चोरी हो गया। चोरी हुए सामानों की कीमत 90 हजार रुपए आंकी गई है। वार्ड 57 बजरंग होटल के पीछे उरला दुर्ग निवासी शेखर निर्मलकर कपडा प्रेस का दुकान संचालित करता है। परिवार समेत दशहरा देखने गए हुए थे। अज्ञात ने मकान में ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात करीब 75 हजार रुपए, कातुलबोर्ड दुर्ग निवासी पार्वती साहू के यहां से अज्ञात ने मकान से सोनाा चांदी और पूजा का बर्तन चोरी कर लिया। जिसकी कीमत 5 हजार रुपए आंकी गई है।

## मसीह समाज सभा के लिए जनदर्शन पहुंचे

**भिलाई।** मसीह समाज के विशेष सभा के लिए सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन प्रेषित किया गया था। लेकिन बजरंग दल ने सभा का विरोध कर दिया है। अनुमति के लिए मसीही समाज के लोग मुख्यालय पहुंचे। जहां 23, 24 अक्टूबर तक सेक्टर 7 दशहरा मैदान होने वाली है मसीही समाज की विशेष सभा की अनुमति को लेकर ज्ञापन सोपा। मसीही समाज का कहना है कि पिछले कई महीनो से विशेष सभा के लिए अनुमति मांगा गया है लेकिन प्रशासन उन्हें अनुमति देने में टाल मटोल कर रहा है। इस पूरे मामले पर समाज के लोगों का कहना है कि प्रशासन उनकी विशेष सभा पर सुरक्षा मुहैया काराये जिससे कि किसी भी प्रकार की असामाजिक तत्व सभा पर प्रभाव ना डालें।

**कई सेक्टरों के उद्यान बरसात की झाड़ियों व गाजर घास से पटे, अधूरे उद्यानों में नहीं है बिजली**

# दस्तक दे रही है ठंड, टाउनशिप के उद्यानों में कैसे बढ़ेगी रौनक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ठंड का मौसम दस्तक दे रहा है। इसके साथ ही जल्द ही टाउनशिप के उद्यानों में रौनक बढ़ जाएगी। लेकिन विभिन्न सेक्टरों के कई उद्यान बरसाती कचरे से पटे हुए हैं। वहीं कई उद्यान अब तक अधूरे हैं और लाइट भी नहीं है। इसके चलते लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इस देखते हुए उद्यानों की सफाई के साथ संधारण किए जाने की मांग बीएसपी व नगर निगम से की गई है।

बरसात के चार महीने के मौमस के दौरान विभिन्न सेक्टरों के अधिकतर उद्यानों में गाजर घास आदि खरपतवार और झाड़ियां आदि फैली हुई हैं। नगर निगम और बीएसपी के कई उद्यान कचरे से पटे हैं। उद्यानों के अंदर और बाहर भी चारों ओर गाजर घास आदि कचरा फैला होने से सांप व बिच्छू आदि की भी समस्या बनी हुई है। सेक्टर 3, सेक्टर 6,7 और सेक्टर 5, ृरिसाली, मड़ौदा व रुआबांधा सेक्टर में सफाई की समस्या के साथ कई के निगम के कुछ उद्यान तीन से साल से अधूरे पड़े हैं।



क्षेत्रवासियों ने बताया कि बारिश की झाड़ियों आदि कचरे की कटाई नहीं होने से ठंड के मौसम में लोगों को दिक्कतें होंगी। ठंडी में सुबह और शाम लोग उद्यानों में चलहकदमी के साथ परिवार के साथ वक्त बिताते हैं। सबसे ज्यादा बच्चों और महिलाओं की गहमागहमी होती है। लेकिन बरसात का मौसम खत्म होने को है पर उद्यानों के झाड़झंखाड़ों की अब तक सफाई नहीं करवाई गई है। ठंड के लिए उद्यानों जल्द अपडेट किए जाने की जररत है।

### कई उद्यान तीन साल से हैं अधूरे

टाउनशिप में कई उद्यान पिछले तीन चार से साल से अधूरे पड़े हैं। करीब दर्जनभर उद्यानों का निर्माण अधूरा है। इनमें रिसाली सेक्टर में दो, सेक्टर 6 में एक, सेक्टर 7 में तीन, रुआबांधा में दो, सेक्टर 8 में एक उद्यान शामिल है। सेक्टर 7 में फेंसिंग लगाकर छोड़ दिया गया है। यहां पाथवे व फूलों के पौधे लगाने के साथ लाइटिंग भी योजना थी। परिसर ऊबड़खाबड़ है। बिजली कनेक्शन भी नहीं है। अंधरे से बच्चों खेलने में दिक्कत हो रही है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि अंधेरे व कचरे से सर्प आदि के साथ बच्चों के गिरने पड़ने की चिंता लगी रहती है।



हरिभूमि लाइव
रायपुर, मंगलवार 15 अक्टूबर 2024
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129

02



शैक्षिक महासंघ सम्मेलन में दुर्ग परिक्षेत्र की कार्यकारिणी गठित

## सिटी इवेंट

### बुराई कितनी भी शक्तिशाली हो जीत सत्य और धर्म की होती है: बघेल




**भिलाई।** विजयादशमी पर खुर्सीपार भिलाई, सुरडुंग एवं हथखोज में आयोजित दशहरा उत्सव में भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय बघेल शामिल हुए। उन्होंने भगवान राम, लक्ष्मण और राम के दरबार में उपस्थित देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना कर सभी देशवासियों की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। सभी को विजयादशमी की बधाई दी। इस अवसर पर हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बघेल ने कहा कि रावण दहन सिर्फ एक परंपरा नहीं बल्कि एक सीख है। बुराई चाहे कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, जीत हमेशा सत्य और धर्म की होती है।



## सिटी इवेंट

### गुरु पूजन उत्सव में जैन दंपती जुटे, गोल्डन बुक में रिकॉर्ड दर्ज

**दुर्ग।** महेश कॉलोनी के सभागार में एक बड़ा आयोजन हुआ। आयोजन में देशभर से आए जैन समाज की 500 से ज्यादा दंपत्तियां शामिल हुईं। गुरु पूजन के इस उत्सव में लवेश-हिमांशु बुरड़ की जोड़ी ने भक्ति गीतों का रसपान कराया, जिसमें समाज के लोग जमकर थिरकते नजर आए। यह आयोजन अपने आप में एक रिकार्ड था, जिसे गोल्डन बुक में दर्ज कराया गया। गोल्डन बुक के एशिया हेड डॉ. मनीष विश्नोई ने गोल्डन बुक का प्रमाण पत्र देकर इस आयोजन को लेकर खुशी जाहिर की। आयोजकों ने बताया कि दादा गुरुदेव जिनदत्तसूरि, मणिधारी दादा जिनचंद्रसूरि, जिनकुशलसुरि और दादा जिनचंद्रसूरि की पूजा की गई। साध्वी दर्शन प्रभा, ज्ञान प्रभा एवं चरित्र प्रभा के सानिध्य में यह पूरा आयोजन हुआ। इसे लेकर ऑनलाइन प्रमाण पत्र जारी किया गया है। आदिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट के इस आयोजन की प्रशंसा की गई है। दोपहर 12 बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक यह कार्यक्रम हुआ। दादा गुरुदेव की प्रतिमा तथा यज्ञ अनुष्ठान के लिए सामग्री साथ में वितरित की गई। पूरे आध्यात्मिक वातावरण में यह आयोजन हुआ। चातुर्मास समिति के का पदम बरडिया, अमृत लोढ़ा, संजय लोढ़ा, कांतिलाल बोथरा, धर्मचंद लूनिया, ज्ञानचंद कोठारी, विनोद गोलछा सहित अन्य ने आयोजन को लेकर कहा कि यह समाज का सामूहिक प्रयास रहा, जो इतना बड़ा सफल आयोजन संभव हो सका। देश के अलग-अलग शहरों से लोग आयोजन में शामिल हुए।




- महेश कॉलोनी के सभागार में हुआ आयोजन

## लाइव इवेंट

### सहेली की स्मृति में तैयार किया बर्तन बैंक, कर रहे मदद



**भिलाई।** बोरसी में सड़क हादसे का शिकार हुई स्वाति पति शैलेंद्र पटेल की सहेलियों ने उसकी स्मृति में एक बर्तन बैंक तैयार किया है। इसके माध्यम से वे पर्यावरण संरक्षण का अलख जगा रही हैं। उन्हें सिंगर यूज प्लास्टिक और प्लास्टिक के अन्य सामानों का उपयोग नहीं करने की सलाह दी जा रही है।साथ ही स्टील के बर्तन किराए पर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। स्वाति भावना फाउंडेशन बालोद में कादंबिनी यादव के साथ जुड़ी हुईं थीं। साथ ही श्रद्धा पुरेंद्र साहू के साथ नई पहल स्टील बर्तन बैंक भिलाई से जुड़ी हुई थीं। श्रद्धा पुरेंद्र साहू संस्थापिका पर्यावरण संरक्षण समिति नई पहल ने बताया कि स्वाति की स्मृति में बर्तन दान स्वरूप दिया गया। साथ ही अपील की गई कि थाली-गिलास, कटोरी - चम्मच का उपयोग कर सिंगल यूज प्लास्टिक के खिलाफ लड़ाई में सहयोगी बनें। संस्था द्वारा स्वाति की याद में वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर अमित पटेल, एकता पटेल, शारदा दुबे, हितेश्वरी मेश्राम, शबाना खान, सोफिया मेमन, सुधा श्रीवास्तव, ममता साहू, अनिता नूनीवाल, मनीषा सोनी भावना जैन, पूर्णिमा दीक्षित, शैली चोपड़ा सहित अन्य मौजूद थे।

- बोरसी के सड़क हादसे में हुई थी स्वाति पटेल की मौत

● प्रशासन ने शुरू की तैयारी, कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने किया स्थल निरीक्षण, बैठक भी ली

# महामहिम का आगमन...स्वागत की तैयारियां शुरू,26 को आईआईटी के दीक्षांत समारोह में करेंगी शिरकत

**2016 में अस्तित्व में आए आईआईटी भिलाई के दीक्षांत समारोह में देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू का आगमन हो रहा है। राष्ट्रपति बनने के बाद यह पहला अवसर है, जब राष्ट्रपति भिलाई आ रही हैं। उनके स्वागत की तैयारियां शुरू हो गई हैं। राष्ट्रपति 25 और 26 अक्टूबर को अपने दो दिवसीय दौरे पर छत्तीसगढ़ आ रही हैं, जिसमें एक दिन वे दुर्ग जिले के प्रवास पर रहेंगी। इस दौरान वे आईआईटी भिलाई के संयुक्त रूप से आयोजित होने वाले तीसरे और चौथे दीक्षांत समारोह में शामिल होंगी। बता दें कि इस समय आईआईटी भिलाई में देशभर के अलग-अलग हिस्सों से आए 1 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स पढ़ाई कर रहे हैं। आईआईटी भिलाई देश में उभरता हुआ प्राद्योगिकी संस्था माना जा रहा है।**

**भिलाई।** राष्ट्रपति मुर्मू मूलतः हमारे पड़ोसी राज्य ओडिशा के रहने वाली हैं। उनका जन्म 20 जून 1958 को बैदावती उपरबड़े मयूरगंज में हुआ।उन्होंने गांव में रहकर प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की। बाद में भुवनेश्वर के रमादेवी महिला कॉलेज से बीए तक की पढ़ाई पूरी की। फिर ओडिशा सरकार में सिंचाई व उर्जा विभाग में जूनियर असिस्टेंट की नौकरी की। पढ़ने-पढ़ाने के शौक के चलते द्रौपदी मुर्मू लंबे समय तक एक टीचर के रूप में काम करती रहीं। रायरंगपुर के श्री अरविंदो इंटिग्रल एजुकेशन एंड रिसर्च संेटर शिक्षक के तौर पर उन्होंने अपनी सेवाएं दीं। इस बीच नौकरी की तलाश में पढ़ाई के लिए उन्होंने कुछ समय भिलाई में बिताया। हालांकि ज्यादा समय वे यहां नहीं रहीं। साल 1997 में रायरंगपुर नगर पंचायत के चुनाव में जीत हासिल की। वे वार्ड पार्षद बनीं। नगर पंचायत की उपाध्यक्ष चुनी गईं। वार्ड काउंसलर के बाद द्रौपदी मुर्मू विधायक बनीं। आगे चलकर राज्यमंत्री और झारखंड की राज्यपाल बनी। इसके बाद उन्हें राष्ट्रपति के पद तक पहुंचने का मौका मिला। बता दें कि वें देश की 15वीं राष्ट्रपति हैं। देश में दूसरी महिला राष्ट्रपति होने का सौभाग्य भी उन्हें मिला, वहीं एक आदिवासी होने की वजह से आदिवासियों से उनका विशेष लगाव रहा है।





### आदिवासी कला-संस्कृति के अनुरूप स्वागत की तैयारी

26 अक्टूबर को राष्ट्रपति के संभावित दौरे को ध्यान रखकर जिला प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक आदिवासी कला-संस्कृति को ध्यान रखकर आयोजन की तैयारी की जा रही है। इस दौरान कई बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। आईआईटी कैम्पस में सरकारी स्कूल, कॉलेज के बच्चे भी राष्ट्रपति से मुलाकात कर सकेंगे। ऐसी व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधि भी राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे। दुर्ग जिला प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, नगर निगम, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस, राज्य प्रोटोकॉल के अधिकारियों को भी सभी आवश्यक तैयारियां निर्धारित समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। राष्ट्रपति के आगमन के दौरान रूट का निर्धारण भी किया जाना है। फिलहाल कई जानकारियां गोपनीय रखी जा रही हैं।

### आईआईटी में इन लैब में स्टूडेंट्स गढ़ रहे भविष्य



आईआईटी भिलाई आधुनिक संसाधनों वाले लैब से लैस है। यहां सेंट्रल लाइब्रेरी, कैमेस्ट्री लैब, डिजिटल फैब्रिकेशन, डाई ट्रेनिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, फील्ड प्रोग्रामेबल लैब, इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी लैब, इन्फ्रस्ट्रक्टर लैब, फिजिक्स लैब, स्पोर्ट्स फैसिलिटी, वर्कशॉप सहित अन्य सुविधाएं हैं, जहां स्टूडेंट्स को पूरी तरह से ट्रेंड किया जाता है।

## कम समय में आईआईटी भिलाई ने बनाई अपनी अलग पहचान



नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2024 ने दो महीने पहले एक रिपोर्ट जारी की। इसमें खुलासा हुआ कि पिछले साल जहां आईआईटी भिलाई का एनआईआरएफ रैंक जहां 81 वां था, जो इस बार 73 हो गया। इस तरह आईआईटी भिलाई ने अपनी रैंकिंग में 12 स्थान का सुधार किया। आईआईटी भिलाई को 100 में 48.80 स्कोर दिया गया। संस्थान ने आने वाले साल में अंडर-60 तक रैंक लाने का दावा किया है। टॉप में मद्रास आईआईटी रहा। उसका स्कोर 89.46 था। इस तरह आईआईटी भिलाई ने देश के सौ शिक्षण संस्थानों के बीच अपना स्थान बनाया। इस समय आईआईटी भिलाई में इस समय करीब 1080 स्टूडेंट्स पढ़ रहे हैं। इसमें बायोसाइंस एंड बायो मेडिकल इंजीनियरिंग में पीएचडी, बायो इंजीनियरिंग में एमटेक, कैमेस्ट्री में एमएससी और पीएचडी, कम्प्यूटर साइंस में बीटेक, एमटेक, पीएचडी, डेटा साइंस एंड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस में बीटेक, एमटेक, पीएचडी, इलेक्ट्रिक व्हीकल टेक्नोलॉजी में बीटेक, पीएचडी, पावर सिस्टम एंड इलेक्ट्रॉनिक्स में बीटेक, एमटेक, पीएचडी, लिब्रल आर्ट में पीएचडी, मटेरियल साइंस में बीटेक, एमटेक, पीएचडी, मेकेनिकल इंजीनियरिंग में बीटेक, पीएचडी, डिजाइनिंग एंड मैनिफैक्चरिंग में एमएससी अन्य कोर्स शामिल हैं।

# विद्युत नगर में शतचंडी का अनुष्ठान

### विधायक गजेंद्र हुए शामिल, विधि-विधान से पूजा अर्चना

**दुर्ग।** सनातन धर्म के सर्वोच्च, सर्वमान्य, सार्वभौम धर्मगुरु पुरीपीठ शंकराचार्य निश्चलानन्द सरस्वती महाभाग के द्वारा संस्थापित संस्थान धर्मसंघ पीठ परिषद आदित्यवाहिनी आनंदवाहिनी के तत्वावधान में विद्युत नगर में शतचंडी का अनुष्ठान हुआ।

- मां दुर्गा को शस्त्र भेंटकर शहर की सुरक्षा के लिए प्रार्थना की
- हवन के साथ हुई पूर्णाहुति

आचार्य रूपेंद्र शास्त्री के सानिध्य में विद्युत नगर में यह आयोजन किया गया। आयोजन में शहर विधायक गजेन्द्र यादव प्रमुख रूप से शामिल हुए। मां भगवती की आराधना, अभिषेक, सहस्त्रार्चन पूजन एवं हवन के साथ पूर्णआहुति कर अनुष्ठान पूरा हुआ। शतचंडी अनुष्ठान संपन्न होने के बाद आदित्य वाहिनी ने मातारानी को शस्त्र भेंटकर प्रार्थना की। आयोजन में राष्ट्रीय संयोजिका सीमा तिवारी, आदित्य वाहिनी दुर्ग के जिलाध्यक्ष नारायण शर्मा, हिमांशु शुक्ला, कान्हा दुबे, देवा दुबे, अभिषेक अवस्थी, राम राघव यादव, विक्रांत तिवारी, प्रदीप साहू, प्रकाश राजपूत, आशीष शर्मा, शिव कुमारी द्विवेदी, पुष्पांजली पंडा सहित अन्य मौजूद थे।



## शहर को हरा-भरा रखने चलेगा अभियान, पौधों को किया जाएगा सिंचित

**भिलाई।** निगम ने शहर को हरा-भरा बनाने अभियान शुरू किया है। आयुक्त के निर्देश पर इसकी शुरुआत की गई है। इसके अलावा गार्डनों का भी सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। झाड़ियों की कटाई के अलावा पौधों को सिंचित किया जा रहा है। उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू ने बताया कि शहर में करीब 150 उद्यान हैं। इसकी साफ-सफाई, झाड़यिों की कटिंग-छंटाई, ट्रिमिंग, पौधों में पानी डालने का काम किया जा रहा है। इसके अलावा रोड किनारे, रिक्त भूमि, डिवाइडरों एवं अन्य स्थलों पर वृक्षारोपण किया गया है। इसके अलावा डिवाइडर की सफाई के साथ पौधों में पानी सिंचाई भी निरंतर किया जा रहा है। उद्यानों में बच्चे, बुजुर्ग सुबह-शाम आते रहते हैं। जहां बच्चे खेलते हैं और बुर्जुग लोग टहलते एवं बैठने आते हैं। मच्छर न पनपे, इसके लिए दवाओं का छिड़काव किया गया है।वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन और महापौर नीरज पाल ने लोगों से अपील की है कि पेड़-पौधे हमारे लिए बहुत उपयोगी हैं। इसकी देखभाल की जिम्मेदारी हम सबको लेनी पड़ेगी। जहां भी पेड़ लगे हैं, जिसके घर के सामने लगे हैं। उसको ध्यान देना होगा, समय-समय पर पानी देना होगा। तभी हमारे शहर में हरियाली आ सकेगी।



## युवा खेल एवं सांस्कृतिक मंडल का सेक्टर-7 मैदान में दशहरा उत्सव

# हर घर भगवा छाएगा, रामराज जब आएगा... जैसे भक्ति गीतों ने समां बांध

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** युवा खेल एवं सांस्कृतिक मंडल के तत्वावधान में सेक्टर-7 के हाईस्कूल दशहरा मैदान में भव्य दशहरा महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पांडेय प्रमुख रूप से शामिल हुए। आयोजन में भोपाल की मशहूर भजन गायिका लक्ष्मी दुबे ने प्रस्तुति दी। उन्होंने हर घर भगवा छाएगा, रामराज जब आएगा जैसे प्रसिद्ध गीत गाए हैं।



### ये रहे उपस्थित

वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन, संजीव फतेहपुरिया, आईजी रामगोपाल गर्ग, एसपी जितेंद्र शुक्ला, महावीर डेवलपर्स के योगेश पांडेय सहित अन्य मौजूद थे। समिति के अध्यक्ष चन्ना केशवलू ने कहा कि असत्य पर सत्य की विजय के प्रतीक के रूप में हम लगातार 29 वें वर्ष दशहरा पर्व मना रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत मां दुर्गा की पूजा से हुई, जिसके बाद लक्ष्मी दुबे ने भक्ति गीतों का गायन किया। जनता का भक्ति गीतों से मन मोह लिया। रावण दहन ने दर्शकों को रोमांचित किया। आन्ध्रप्रदेश काकीनाड़ा की आतिशबाजी एवं आईपीएल स्तर की आतिशबाजी से दर्शकों में खासा उत्साह रहा।



### एकता और भाईचारे का दिया संदेश

आयोजन के दौरान युवा खेल एवं सांस्कृतिक मंडल ने इस महोत्सव के माध्यम से एकता और भाईचारे का संदेश दिया। मंडल के सदस्यों ने सभी उपस्थित लोगों का धन्यवाद दिया। इस प्रकार के आयोजनों के महत्व को बताया। अध्यक्ष चन्ना केशवलू ने बताया कि भिलाई को मिनी इंडिया के रूप में पहचाना जाता है। यहां हर धर्म, जाति, संप्रदायक के लोग निवास करते हैं। सामूहिक रूप से सभी हर त्योहार साथ में मनाते हैं। यह हमारे शहर की एक बड़ी उपलब्धि है।

### बारिश की वजह से एक दिन बाद जला रावण

सेक्टर-7 दशहरा मैदान में रावण दहन का आयोजन 12 अक्टूबर को किया गया था। अचानक हुई बारिश की वजह से आयोजन को एक दिन के लिए स्थगित किया गया। आयोजन 13 अक्टूबर की रात किया गया। इसके बाद भी आयोजन स्थल पर हजारों की संख्या में भीड़ उमड़ी। जानकारी के मुताबिक बारिश की वजह से मैदान गीला हो गया था, वहीं रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतले भी भीग गए थे, इस वजह से कार्यक्रम को एक दिन बाद किया जाना तय किया गया।

## सिटी इवेंट

# समस्याओं का निदान करने जनकल्याण सभा का हुआ गठन



**भिलाई।** शारदीय नवरात्रि पर्व पर इस्पात नगर रिसाली के नागरिकों द्वारा संतोषी माता मंदिर में बैठक आयोजित कर जनकल्याण सभा इस्पात नगर रिसाली का गठन किया गया। इस्पात नगर रिसाली वार्ड नं 30 के समुचित विकास के लिए एक कार्यकारणी सदस्य समिति का गठन किया गया। जिसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष भानू राव, कार्यकारी अध्यक्ष विनोद कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष रमेश शर्मा, राजेंद्र सिंह, धनंजय चतुर्वेदी, राकेश साहू, कोषाध्यक्ष दिनेश पंड्या, सह कोषाध्यक्ष हरी राम वर्मा, महामंत्री कल्पना स्वामी, महामंत्री संगठन दीपक मिश्रा, मंत्री नंदकिशोर सिंह, संयुक्त मंत्री अमर शितोले, देव कुमार देशमुख, कार्यकारणी सदस्य दीपक कुलश्रेष्ठ, राकेश शुक्ला, मनीष विश्वकर्मा, धर्मेंद्र गुप्ता, संध्या मंडलोई, एस प्रकाश राव, सलाहकार मंडल सदस्य शंभू दयाल नायक, दिनेश कश्यप, लाल निर्मलकर, पीके सिंह कुट्टू, संजीव सुधाकरण, तिलकधर दुबे, कालकट, शिवनंदन साहू, पीकेए पिल्ले, जसपाल सिंह व असीम पॉल को मनोनीत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए नवनियुक्त अध्यक्ष भानू राव ने इस्पात नगर रिसाली वार्ड 30 के विकास पर जोर देते हुए कहा कि जन कल्याण सभा कॉलोनी के विकास एवं बुनियादी सुविधाओं को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधि और आयुक्त से मुलाकात कर समस्या का समाधन करेगी। बैठक का संचालन कल्पना स्वामी महामंत्री ने किया।

- इस्पात नगर रिसाली में जनसमस्याओं निपटाने हुई बैठक, लिया गया निर्णय

● ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में मनाया दशहरा पर्व

# नाभि शरीर की चेतना का प्रतीक, अंतर्मन के रावण को जलाने व बुराइयों का दहन करने लिया संकल्प

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में दशहरा पर्व अत्यंत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी संस्थान के आसपास शहर व ग्रामीण अंचल से काफी संख्या में विद्यालय के अनुयायी उपस्थित हुए। ब्रह्माकुमारी दुर्ग जिले की संचालिका रीटा बहन ने दशहरा पर्व का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की विजय का पर्व है, जिसे श्रीराम और रावण के बीच युद्ध के रूप में दर्शाया गया है। इसमें भगवान राम, रावण को पराजित करते हैं और उसके नाभि पर बाण मारकर उसे मार देते हैं।



### बताया 10 मुख्य विकारों का मूल कारण

इस अवसर पर ब्रम्हकुमारी रीटा बहन ने बताया कि नाभि शरीर की चेतना का प्रतीक है, जो 10 मुख्य विकारों का मूल कारण है। ये 10 विकार हैं काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार, ईर्ष्या, घृणा, छल, हठ और आलस्य, जो रावण के 10 सिरों द्वारा दर्शाए जाते हैं। रामायण के अनुसार, जब श्रीराम रावण के किसी भी सिर को काटते थे, तो वे फिर से प्रकट हो जाते और रावण तभी मरा जब श्रीराम ने उसकी नाभि पर बाण चलाया। इसी प्रकार, जब हम आत्म-चेतना को धारण करते हैं और परमात्मा को याद करते हैं, तो हमारे शरीर की चेतना यानि देहभान समाप्त होता है और सारे विकार नष्ट हो जाते हैं।

### रावण बुराई का प्रतीक

रीटा बहन ने बताया कि श्रीराम परमात्मा का प्रतीक हैं और रावण बुराई का प्रतीक है, जो आज के समय में हर आत्मा के व्यक्तित्व पर शासन कर रही है। जब हम परमात्मा की अच्छाईयों को अपने व्यक्तित्व में धारण करते हैं, तो हम अपने व्यक्तित्व में मौजूद 10 सिर वाले रावण को जला देते हैं। हर साल रावण के पुतले का जलाना इसी प्रक्रिया का प्रतीकात्मक प्रतिनिधित्व है, जो तब होती है जब परमात्मा दुनिया के परिवर्तन का कार्य करते हैं और रावण यानी बुराई को नष्ट करके दुनिया की सभी आत्माओं को पवित्र बनाते हैं तथा दुनिया में राम राज्य या स्वर्ग की स्थापना करते हैं।

### रावण बंधन से मुक्त होने परमात्मा देते है राजयोग की शिक्षा

हर साल रावण को जलाने से पहले उसके पुतले की ऊंचाई को पिछले साल की तुलना में बढ़ाया दिया जाता है। यह दुनिया में बढ़ती हुई विकृतियों व बुराइयों का प्रतीक है, जो हर साल बढ़ रही हैं और समय के साथ मानवता पर विभिन्न रूपों में अशुद्धि और नकारात्मकता का नियंत्रण हो रहा है। जब निराकार परमपिता परमात्मा शिव विश्व चक्र के अंत में यानी कलियुग या लौह युग के अंत में दुनिया के परिवर्तन का कार्य करते हैं, तब हर आत्मा, जो परमात्मा की संतान और प्रिय है, जिसे रामायण में सीता के रूप में दर्शाया गया है, वह दुःख में होती है जो रावण के नकारात्मक प्रभाव के अधीन होती है और उसके द्वारा बंदी बना ली जाती है। इसी समय परमात्मा सर्व आत्माओं रूपी सीता को रावण के बंधन से मुक्ति के लिए सत्य ज्ञान और राजयोग की शिक्षा देते हैं जिससे वे आत्मायें रूपी सीतायें परमात्मा की याद के द्वारा स्वयं को रावण की अधीनता से मुक्त कर स्वयं सर्व गुण संपन्न सोलह कला संपूर्ण बन जाती है यही वास्तव में सच्चे रूप में दशहरा पर्व मनाना है। सभी व्यक्ति को मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान राम के संदेशों व उनके चरित्रों को धारण करना चाहिए। ताकि अंहकाररूपी रावण का हम स्वयं वध कर सके।

**मन का रावण दहन करना ही सही मायनों में दशहरा: ब्रह्मकुमारी रीटा**

### अपनी बुराइयों का दहन करने लिखा पत्र

इस अवसर दशहरा पर्व मनाने आये हुए सभी भाई-बहनों नें स्वयं की बुराइयों को एक पत्र में लिखकर रावण दहन के समय अपनी बुराइयों को पूर्ण रूप से दहन कर एवं परमात्मा के सम्मुख संकल्प किये कि हम सभी इन बुराइयों से स्वयं को मुक्त कर नई दुनिया के स्थापना में परमात्मा के कार्य में मददगार बनेंगे ।

## एजुकेशन लाइव

# शैक्षिक महासंघ सम्मेलन में दुर्ग परिक्षेत्र की कार्यकारिणी गठित



**भिलाई।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के छत्तीसगढ़ प्रांत के संयोजक डॉक्टर आरडी शर्मा की अध्यक्षता में हेमचंद विश्वविद्यालय दुर्ग परिक्षेत्र के प्राध्यापकों का सम्मेलन हुआ। इस सम्मेलन में अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग परिक्षेत्र की तदर्थ कार्यकारी समिति का गठन हुआ। सम्मेलन में प्रो अजय कुमार सिंह अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष के रूप में डॉ राघवेश पांडेय बालोद, डॉ बसंत सोनबेर राजनांदगांव एवं डॉ वीरेंद्र जांगड़े कवर्धा को चुना गया। समिति सचिव के रूप में डॉ अम्बरीष त्रिपाठी, सहसचिव डॉ संतोष पांडेय, कोषाध्यक्ष डॉ सतीश सेन, मीडिया प्रभारी प्रशांत दूबे एवं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में डॉ ज्योति धारकर, डॉ सुरेश पटेल एवं अमृतेश शुक्ला सहित अन्य जनों को शामिल किया गया। उल्लेखनीय है कि शिक्षा, शिक्षार्थियों एवं शिक्षकों के सतत उन्नयन के लिए यह संगठन देश के 29 राज्य एवं केंद्रशासित प्रदेशों में सक्रिय भूमिका निभा रही है। इस सम्मेलन में रायपुर विश्वविद्यालय परिक्षेत्र के महासचिव डॉ बीपी त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

- अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के छग संयोजक डॉ. शर्मा ने की अध्यक्षता

## 25 को निकलेगी कलश यात्रा

# कायस्थ सामाजिक मंदिर में स्थापित होने वाराणसी से आयेगी चित्रगुप्त की प्रतिमा

**भिलाई।** दुर्ग-भिलाई के कायस्थजनों की प्रतिनिधि संस्था चित्रांश चेतना मंच भिलाई-दुर्ग द्वारा जवाहर नगर, वार्ड क्रमांक-25 में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स के पास श्री चित्रगुप्त मंदिर का भव्य निर्माण कराया गया है। इसमें भगवान चित्रगुप्त की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह तीन दिनों तक आयोजित की जायेगी। यह आयोजन 25, 26 एवं 27 अक्टूबर को होगा। आयोजन में दुर्ग-भिलाई के अलावा अन्य जिले से भी कायस्थ समाज के लोगों को आमंत्रित किया जा रहा है। भिलाई के जवाहर नगर, वार्ड क्रमांक-25 में चित्रगुप्त मंदिर परिसर में चिंत्राश चेतना मंच के द्वारा विगत कई वर्षों से चित्रगुप्त पूजन महोत्सव, दीपावली मिलन, होली मिलन, मुंशी प्रेमचंद जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती, डा. राजेन्द्र प्रसाद जयंती एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। इस मंदिर को ही अब भव्य रूप दिया गया है। इसके अलावा भगवान चित्रगुप्त की आकर्षक मूर्ति स्थापित की जा रही है।



### समाज की महिलाएं तैयारियों में जुटी



चित्रांश चेतना मंच के अध्यक्ष मनोज सिन्हा एवं मुख्य सचिव अंशुमन वर्मा ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के पहले दिन 25 अक्टूबर को कलश यात्रा सुबह 10 बजे निकाली जाएगी। इसके बाद वेदी पूजन जलाधिवास, फलाधिवास भजन-कीर्तन संध्या 4 बजे से होगा। कलश यात्रा समाज की महिला शाखा के द्वारा अधिक से अधिक महिलाओं को आमंत्रित करने पहल की जा रही है। पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण भटनागर एवं पूर्व मुख्य सचिव कमलकांत श्रीवास्तव ने बताया कि दूसरे दिन 26 अक्टूबर को वेदी पूजन सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इसके बाद अन्नाधिवास, फलाधिवास, पुष्पाधिवास के बाद भजन-कीर्तन 4 बजे से शुरू होगा। वहीं आंतिम दिन 27 दिसंबर को वेदी पूजन सुबह 10 बजे से शुरु होगा। वहीं प्राण प्रतिष्ठा सुबह 11 बजे से होगा। इसमें हवन, पूर्णाहूति के बाद भोग भण्डारा दोपहर 1 बजे से मंचीय कार्यक्रम भी होगा।

### सामाजिक जनों को दिया जा रहा निमंत्रण

मनोज सिन्हा व कमलकांत ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक की जा रही है। मंदिर में स्थापित होने वाली प्रतिमा वाराणसी से लाई जाएगी। प्रतिमा को फाइनल टच देने का काम बचा है। इसमें समाज के सभी लोग आमंत्रित किये जा रहे हैं। वहीं आयोजन में जनप्रतिनिधियों की भी बतौर अतिथि सहभागिता रहेगी।

## ड्यूज बॉस अंडर-14 का आयोजन

# प्रेसीडेंट कप क्रिकेट टूर्नामेंट में इश्तियाक इलेवन की जीत




**भिलाई।** शंकर नगर आईटीआई ग्राउंड छावनी में एकलव्य क्रिकेट एकेडमी द्वारा आयोजित ड्यूज बॉल अंडर 14 क्रिकेट टूर्नामेंट का सोमवार को फाइनल मैच संपन्न हुआ। टी 20 प्रेसीडेंट कप टूर्नामेंट में पीसीसी दुर्ग और इश्तियाक इलेवन के मध्य मैच खेला गया। मैच में इश्तियाक इलेवन ने रोमांचक मुकाबले में जीत हासिल कर खिताब अपने नाम कर लिया। 11 दिन 4 अक्टूबर से 14 तक चलने वाले इस फायनल मैच का समापन में मुख्य अतिथि के रुप में अखिल भारतीय उड़िया समाज प्रदेश अध्यक्ष जेएम तांडी थे। अध्यक्षता तुलसी साहू ने किया। विशेष अतिथि के रुप में नेशनल ह्यूमन वेलफेयर काउंसिल स्टेट चेयरमेन तरुण निहाल, पार्षद गिरजा बंछोर, वीणा चंद्राकर, राजेश विश्वकर्मा ,सतीश महोबिया, इश्तियाक थे। मैन ऑफ द मैच अरनव सिंह, मैन ऑफ द सीरिज और बेस्ट बैस्टमैन हनान कुरैशी, बेस्ट बॉलक विराट चौधरी, बेस्ट फिल्डर सचिन थे। संचालन प्रख्यात शिक्षाविद राजेन्द्र नाग और आयोजन समिति के प्रमुख चंदन शर्मा, जितेन्द्र चौधरी, जावेद, विकास समेत एकलव्य एकेडमी खिलाड़ियों का सहयोग बेहतर रहा है।

# करवा चौथः महिलाओं को दिया जाएगा निःशुल्क परामर्श

**भिलाई।** हाइटेक सुपरस्पेशालिटी हॉस्पिटल द्वारा करवा चौथ के उपलक्ष्य में विशेष निःशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। 17 से 19 अक्टूबर तक आयोजित इस तीन दिवसीय शिविर में स्त्री एवं प्रसूति रोग, त्वचा रोग एवं सौन्दर्य समस्याओं सहित चेहरे की विकृतियों का निदान किया जाएगा। शिविर के दौरान मरीजों को जांच एवं प्रक्रियाओं में 10 से 15 प्रतिशत तक छूट प्रदान की जाएगी। शिविर में वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अंजना चौधरी, त्वचा रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ डॉ रिद्धि अरोरा सिंह एवं मैक्सिलोफेशियल तथा ऑर्थोग्नैथिक सर्जन डॉ आफरीन आफताब अपनी सेवाएं प्रदान करेंगी। वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अंजना चौधरी ने बताया कि आयु बढ़ने के साथ ही सभी आयु वर्गो के महिला व पुरुषों में शारीरिक समस्याएं होने लगती है। खासकर महिलाएं अपने कामकाज के चलते खुद पर ध्यान नही दे पाती जिसके चलते 40 के बाद उन्हें कई शारीरिक समस्याएं घेर लेती है। महिलाओं की इन्हीं समस्याओं का ध्यान रखते हुए यह निशुल्क शिविर का आयोजन हाईटेक हॉस्पीटल में किया जाएगा।

## समाज इवेंट

# आयुष्काम यज्ञ वैदिक परंपरा की प्राचीन विधि, आज देंगे आहुति

**भिलाई।** आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 भिलाई में आज शाम 5 बजे आयुष्काम यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। इस महायज्ञ में रायपुर, भिलाई, दुर्ग, बलौदा बाजार, बालोद आदि स्थानों से आहुति देने लोग पहुंचेंगे। यह आयोजन अंकित शर्मा एवं गीता शर्मा द्वारा पुत्री वेदान्शी के प्रथम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में किया जाएगा। यज्ञ में सैकड़ो लोग सहस्त्र आहुति प्रदान करेंगे। इस महायज्ञ में मुख्य यजमान के रूप में रमादेवी शर्मा, अंकित शर्मा, रीता शर्मा, टोपेश्वर प्रसाद शर्मा, विजयलक्ष्मी शर्मा, सुरेंद्र शर्मा, सुरभि शर्मा, भगवती शर्मा, प्रीति शर्मा, आकाश शर्मा, सोनी शर्मा, अभिषेक शर्मा उपस्थित रहेंगे।

### क्या है आयुष काम यज्ञ

आयुष्काम यज्ञ के ब्रह्म आचार्य डॉ अजय आर्य ने बताया कि वर्तमान में नई पीढ़ी भारतीय धर्म, संस्कृति और परंपरा से दूर होती जा रही है। बच्चों पर आरोप लगाने से कुछ नहीं होगा। हम सभी को भारतीय संस्कृति के मूल्यों को समझ कर अपने-अपने घरों में लागू करना चाहिए। व्यक्ति के स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए प्रार्थना करने लिए आयुष्काम यज्ञ किया जाता है। हम अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करते हैं। ताकि हमारे जीवन के अंतिम क्षणों तक हमारी आँखें ठीक से देख सकें; हमारे कान इस शरीर को छोड़ने तक ठीक से सुन सकें। इसलिए यज्ञ के दौरान मंत्रों के माध्यम से बीमारियों से मुक्त व स्वस्थ रहने प्रार्थना किया जाता है। यह किसी के जन्मदिन को मनाने का एक प्राचीन वैदिक तरीका है। आयुष्काम यज्ञ में आयुर्वेदिक औषधियां एवं शुद्ध देसी घी का उपयोग किया जाता है। इस यज्ञ का संचालन आचार्य डॉ. अजय आर्य करेंगे। डॉ. आर्य गुरुकुल प्रभात आश्रम मेरठ उत्तर प्रदेश के स्नातक हैं। उन्होंने दिल्ली से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। सांस्कृतिक ग्रंथों एवं वैदिक ज्ञान विज्ञान के प्रमाणिक विद्वान है। वे आर्य समाज की प्रतिष्ठित वैदिक विद्वानों में से एक है।

## जागरुकता रथ के माध्यम से खुशियां मिलती है बाजारों में, टैग लाइन से देंगे संदेश

**कार्नर न्यूज**

# ऑनलाइन शॉपिंग के जमाने में ग्राहकों को लोकल दुकानों तक लाना बड़ा टास्क, लड्डू खिलाकर अभियान किया प्रारंभ

भिलाई। छग चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज भिलाई इकाई द्वारा आया त्योहार, चलो बाजार इस नए अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोकल बाजारों में ग्राहकों की भीड़ बढ़ाना व लोकल बाजारों की रौनक बढ़ाना, लोकल बाजारों की व्यापार वृद्धि करना और ऑनलाइन शॉपिंग से आम जनता को विमुख कर लोकल बाजार की ओर आकर्षित करना है।आया त्योहार चलो बाजार अभियान की कड़ी में जवाहर मार्केट में ग्राहकों को लड्डू खिलाकर उनका स्वागत किया गया। जवाहर मार्केट पावर हाउस में ग्राहकों को ऑनलाइन शॉपिंग के नुकसान व लोकल बाजार से खरीदी के फायदे बताये गए।



### मिठाई खिलाकर बाजार आने दिया निमंत्रण

महामंत्री अजय भसीन ने एक एक ग्राहक को पत्रक देकर बाजार आने का निमंत्रण दिया और मिठाई बांटकर आये ग्राहकों का स्वागत किया।अजय ने कार्यक्रम के संबंध बताया कि इस अभियान के माध्यम से बाजारों की रौनक बढ़ेगी।

### ऑनलाइन शॉपिंग में ब्रांडेड के बजाय मिला कॉपी वाला सामान

बाजार में इस अभियान के तहत एक ग्राहक ने ऑनलाइन शॉपिंग की घटना का जिक्र करते हुए बताया कि मैंने ऑनलाइन अपने लिए ब्रांडेड शूज मंगवाया था लेकिन जब मुझे पार्सल प्राप्त हुआ तो मैंने देखा वो ब्रांडेड के नाम पर कॉपी प्रोडक्ट था मैंने अपने आप को ठगा महसूस किया। इस अभियान के शुभारंभ कार्यक्रम में भिलाई चेम्बर अध्यक्ष गारगी शंकर मिश्रा ने बाजार आये व्यापारियों को लड्डू खिलाकर इनका अभिनंदन किया। इस अभियान में महिला चेम्बर का भी योगदान रहा। महिला चेम्बर अध्यक्ष सरोजनी पाणिग्रही, महासचिव सुमन कन्नौजे, सविता शर्मा व पूरी टीम ने भी ग्राहकों को मिठाई खिलाकर ग्राहकों का स्वागत किया।

### ऑनलाइन शॉपिंग से बाजारों में रौनक घटी

अजय ने इस अभियान के बारे में बताया कि स्कूल व कालेज में जाकर युवा पीढ़ी को भी जागरूक किया जाएगा। ऑनलाइन शॉपिंग हमारे लोकल बाजारों की रौनक को कम करती है यह जगरूकता प्रेषित की जाएगी। कोचिंग सेंटर, सरकारी कार्यालय में जाकर सभी को निमंत्रण दिया जयेगा कि आप सभी इस बार त्योहारों की खरीदी लोकल बाजारों से करे।चेंबर के शंकर सचदेव ने बताया कि इस अभियान में जागरूकता रथ के माध्यम से पूरे भिलाई शहर में यह संदेश देंगे कि खुशियां मिलती है बाजारों में। इस अभियान में सुनील मिश्रा, भोलानाथ सेठ, शिवराज शर्मा, अखराज ओस्तवाल, भूषण अदलखा, कुलदीप सिंह, विशाल छाबरा, राजू जैन, आशीष हमदेव व अनेक चेम्बर के पदाधिकारी उपस्थित थे।



खानपान

## करवा चौथ व्रत से पहले भूलकर भी ना खाएं ये चीजें, दिनभर लगेगी प्यास



करवा चौथ के त्योहार सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद खास होता है। पति की सलामती के साथ ही महिलाएं पूजा के लिए 16 शृंगार करके तैयार होती है। करवा चौथ के निर्जला व्रत की शुरुआत सरगी के साथ होती है। इस दौरान घर की बड़ी महिला या सास अपनी बहू को सरगी देती है। निर्जला व्रत की शुरुआत करने से पहले जरूरी है कि ऐसी चीजों को ना खाएं जिससे प्यास ज्यादा लगे। करवा चौथ के एक रात पहले से लेकर सुबह की सरगी में खाने की इन चीजों को बिल्कुल भी शामिल नहीं करना चाहिए नहीं तो दिनभर प्यास से बेहाल हो जाएंगी।

**ज्यादा नमक वाली चीजें :** सुबह की सरगी में अगर ज्यादा नमक वाली चीजों को शामिल करती हैं तो इससे प्यास ज्यादा तेजी से लगती है। क्योंकि सोडियम शरीर में मौजूद पानी को तेजी से सोखता है। जिसकी वजह से ज्यादा प्यास लगती है। अगर आप सरगी में नमक वाली चीजों को ज्यादा खा लेंगी तो दिनभर प्यास की वजह से परेशान रह सकती हैं।

**ज्यादा तली हुई चीजें :** इसी तरह से बहुत फ्राइड फूड जैसे पराठा, पूड़ी या नमकीन तली चीजों को भी सरगी में शामिल नहीं करना चाहिए। ये चीजें भी गले में खराश पैदा करती हैं और साथ ही ज्यादा प्यास लगने का डर रहता है।

**कॉफी या चाय :** अगर सरगी में आप कॉफी या चाय पीती हैं तो इससे भी शरीर में पानी की कमी हो सकती है। जिसकी वजह से प्यास ज्यादा लगेगी। दरअसल, कैफीन वाले ड्रिंक पीने से यूरिन पास करने की इच्छा ज्यादा होती है और शरीर डिहाइड्रेटेड हो जाता है। जिसकी वजह से पानी की जरूरत बॉडी को पड़ने लगती है।

**फैट वाले मीठे फूड :** ऐसी मिठाईयां जिसमे फैट भी है और साथ में मिठास भी जैसे खोवे की मिठाईंया, बालूशाही, मालपुआ, रबड़ी, इस तरह की मीठी मिठाईयों को खाने से भी प्यास ज्यादा लग सकती है।

## इन लोगों को भूलकर भी नहीं खाना चाहिए साबूदाना, डायबिटीज रोगी जरूर रहें दूर



व्रत के दौरान फलाहार करना हो या नाश्ते की टेबल पर हेल्दी ब्रेकफास्ट सर्व करना हो, साबूदाना का यूज अकसर घरों में होता रहता है। व्रत के दौरान लोग साबूदाना की खीर, खिचड़ी, टिक्की और वड़ा जैसी कई चीजें बनाकर खाते हैं। साबूदाना में प्रोटीन,पोटैशियम, मैग्नीशियम, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, कैल्शियम, आयरन, जिंक और फॉस्फोरस जैसे कई पोषक मौजूद होते हैं जो सेहत को कई फायदे पहुंचाते हैं। क्या आप जानते हैं कुछ लोगों को साबूदाना खाने से कुछ लोगों को परहेज करना चाहिए। साबूदाना का सेवन उनकी सेहत के लिए फायदे की जगह बड़ा नुकसान पैदा कर सकता है।

### किन लोगों को नहीं करना चाहिए साबूदाना का सेवन

**डायबिटीज के मरीजः** अमेरिकन डायबिटीज एसोसिएशन के अनुसार, कार्बोहाइड्रेट शरीर में शुगर की मात्रा को बढ़ाने का काम करता है। बता दें, साबूदाने में कार्बोहाइड्रेट की मात्रा बहुत ज्यादा पाई जाती है। ऐसे में अगर आप पहले से ही शुगर पेशेंट हैं तो साबूदाना का सेवन करने से परहेज करें।

**मोटापा :** अगर आप सोच रहे हैं कि सिर्फ साबूदाना का सेवन करके आप अपना कई किलो वजन घटा सकते हैं तो आप गलत हैं। साबूदाना में कैलौरी और कार्बोहाइड्रेट दोनों प्रचूर मात्रा में मौजूद होते हैं। जो आपके वेट लॉस की जगह आपका वजन तेजी से बढ़ा सकते हैं।

**थायराइड के मरीज :** साबूदाने का अधिक सेवन आपके लिए मोटापे के खतरे को बढ़ा सकता है। जिससे आपको थायराइड की समस्या हो सकती है। ऐसे में जिन लोगों को पहले से ही थायराइड की समस्या है, उन्हें साबूदाना का अधिक सेवन करने से बचना चाहिए। साबूदाना का अधिक सेवन सांस की परेशानी, सीने और सरि में दर्द, थायराइड बढ़ने की समस्या का कारण बन सकता है।

**पाचन संबंधी समस्याएं :** साबूदाना खाने से कई बार पाचन संबंधी समस्याएं भी पैदा हो सकती हैं। दरअसल, साबूदाने में जिंक की मात्रा ज्यादा होने से पेट फूलना, कब्ज, पेट दर्द, मतली, और उल्टी जैसी समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

**एलर्जी :** लेटेक्स से एलर्जी वाले लोगों को भी साबूदाना खाने से परहेज करना चाहिए। इसका सेवन करने से उन्हें एलर्जी की समस्या हो सकती है।

ये सब डिसेज ना सिर्फ खाने में टेस्टी और हेल्दी हैं झटपट बनकर हो जाती हैं तैयार

# बच्चों को सुबह नाश्ते में दें टेस्टी डिशेज शरीर को मिलेंगे सारे जरूरी पोषक तत्व

आजकल के पेरेंट्स अपने बच्चों के खान-पान को लेकर अक्सर बहुत ही परेशान रहते हैं, क्योंकि बच्चे हेल्दी चीजें खाना पसंद ही नहीं करते उन्हें बस फास्ट फूड जैसे बर्गर, पिज्जा, चाऊमीन और मैगी ही खाना पसंद आता है। ऐसे में पेरेंट्स को समझ ही नहीं आता कि बच्चों को हेल्दी डाइट कैसे दी जाए। अब आपको ज्यादा परेशान होने की जरूरत नहीं है, क्योंकि आज हम आपके साथ कुछ ऐसे हेल्दी ब्रेकफास्ट आइडियाज शेयर कर रहे हैं, जो झटपट बनकर तैयार होंगे और पौष्टिक होने के साथ ही इतने टेस्टी भी होंगे कि बच्चे झटपट अपना ब्रेकफास्ट खत्म करेंगे। इन डिशेज को आप बच्चों के लंचबॉक्स में भी दे सकती हैं। तो चलिए जानते है बच्चों के हेल्दी ब्रेकफास्ट के लिए कुछ हेल्थी डिशेज के बारे में।



### मूंग दाल चीला

मूंग की दाल प्रोटीन, फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, विटामिन सी, कैल्शियम और आयरन से भरपूर होती है। इसके सेवन से बच्चों के शरीर को कई पोषक तत्व मिलते हैं। आप बच्चों को ब्रेकफास्ट में मूंग की दाल का चीला बनाकर दे सकती हैं। ये खाने में बहुत ही टेस्टी होता है, साथ ही ये हेल्थ के लिए भी बहुत ही फायदेमंद है।

### ब्रेकफास्ट में बनाएं दलिया खिचड़ी

दलिया बहुत ही हेल्दी होता है और जब इसे सब्जियों के साथ मिक्स कर के बनाया जाता है तो ये और भी अधिक पौष्टिक हो जाता है। आप बच्चों को ब्रेकफास्ट में दलिया खिचड़ी बनाकर भी दे सकती हैं। दलिया में प्रचुर मात्रा में फाइबर, कार्बोहाइड्रेट, कैल्शियम, आयरन, मैग्नीशियम, फ़ॉस्फ़ोरस, पोटैशियम, फ़ोलेट पाया जाता है। सुबह के नाश्ते में दलिया की खिचड़ी देने से, बच्चे पूरे दिन एनर्जेटिक महसूस करेंगे।

### ओट्स उपमा भी है हेल्दी ब्रेकफास्ट

बच्चों को सुबह के ब्रेकफास्ट में आप ओट्स उपमा भी बना कर दे सकती हैं। ये भी बहुत हेल्दी होता है, साथ ही बच्चे बहुत चाव से इसे खा लेते हैं। ओट्स में विटामिन, प्रोटीन और फाइबर प्रचुर मात्रा में पाया जाता है, जिससे बच्चों को सुबह-सुबह बैलेंस डाइट मिल जाती है। आप पौष्टिक सब्जियां को मिक्स करके इसे और भी हेल्दी बन सकती हैं।

### ब्रेकफास्ट में दे कॉर्न सैंडविच

सुबह के ब्रेकफास्ट में अगर आप बच्चे को स्वादिष्ट और हेल्थी डिश सर्व करना चाहती हैं, तो कॉर्न सैंडविच भी एक बेस्ट ऑप्शन हो सकता है। इसे बनाना आसान होता है और ये खाने में बहुत ही टेस्टी और हेल्दी भी है। कॉर्न में फ़ाइबर, विटामिन, मिनरल्स, प्रोटीन, विटामिन बी3, ल्यूटिन और जेक्सैन्थिन पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। ये हेल्थ के लिए कई तरह से बेनिफिशियल है।

### अंडे से बना आमलेट

अंडे में भी प्रचुर मात्रा में प्रोटीन और कई अन्य आवश्यक पोषक तत्व पाए जाते हैं। आप बच्चों के सुबह के ब्रेकफास्ट में अंडे को भी शामिल कर सकती हैं। बच्चों की ब्रेकफास्ट में आप उन्हें बॉयल्ड एग या अंडे से बना हुआ आमलेट खाने के लिए दे सकती हैं। ये बच्चे के शरीर को मजबूती देगा और साथ ही इससे बच्चे को दिन भर की एनर्जी भी मिलेगी।

## कुछ ऐसी भी हैं सब्जियां जिन्हें कभी ना खाएं कच्चा, वरना झेलने पड़ेंगे कई गंभीर नुकसान

सब्जियां सेहत के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद होती हैं। डॉक्टर, न्यूट्रीशियन और डायटीशियन भी डायट में ज्यादा से ज्यादा रंगीन सब्जियों को खाने की सलाह देते हैं। इन सब्जियों को आप किस तरह से खाते हैं ये जानना सबसे ज्यादा जरूरी है। कई सब्जियां ऐसी होती हैं जिन्हें कच्चा नहीं खाना चाहिए नहीं तो ये नुकसान पहुंचा देती हैं। आईए जानते हैं कि आप को किन सब्जियों को कच्चा खाने से बचना चाहिए।

**पत्ता गोभी :** ज्यादातर लोग पत्तागोभी को सलाद, बर्गर और सैंडविच में कच्चा लगाते हैं लेकिन इसे कच्चा नहीं खाना चाहिए। कच्ची पत्तागोभी में ई.कोली या साल्मोनेला जैसे हानिकारक बैक्टीरिया हो सकते हैं। वैसे तो इस सब्जी को लेकर लोगों में जगरुकता काफी बढ़ गई है, लेकिन बहुत लोग इसे अभी भी कच्चा ही खाते हैं।

**अरबी के पत्ते :** इन दिनों मार्केट में अरबी के पत्ते खूब मिल रहे हैं। इन पत्तों का इस्तेमाल करके कई तरह की पारंपरिक डिशेज तैयार की जा सकती हैं। रिपोर्ट्स कहती हैं कि इन पत्तों में ऑक्सालेट हो सकता है, जो पौधों में पाया जाने वाला एक कार्बनिक एसिड है। अगर इन पत्तों को कच्चा खाया जाता है तो ये किडनी की पथरी का कारण बन सकता है। हालांकि, जब आप इन पत्तियों को ठीक से पकाते हैं तो ऑक्सालेट का लेवल काफी कम हो जाता है, ऐसे में इन्हें खाना सेफ माना जाता है।



### पालक की भाजी

शरीर में आयरन की कमी पूरी करने वाले पालक में भी कभी-कभी ई. कोली बैक्टीरिया हो सकता है जो पेट में दर्द और अन्य पाचन समस्याओं का कारण बनता है। कुछ लोग इसे सलाद में खाना पसंद करते हैं, जिससे शरीर को नुकसान पहुंच सकता है।

### ब्रोकोली

ब्रोकोली को हल्का भाप में पकाने या भूनने से इसके पोषण की मात्रा बरकरार रहती है। यह गैस और सूजन जैसी पाचन संबंधी समस्याओं के खतरे को भी कम करता है। हालांकि,एक्सपर्ट की सलाह के बाद आप इसे कच्चा भी खा जा सकते है।

### शिमला मिर्च

कच्ची शिमला मिर्च भी सलाद में काफी अच्छी लगती है। हालांकि इसके बीजों में कभी-कभी केमिकल अवशेष या टेपवर्म अंडे हो सकते हैं। ऐसे में इसे पकाने पर इन अवशेषों को कम करने में मदद मिलती है, जिससे इसे खाना सुरक्षित हो जाता है।

## रोजाना सुबह खाली पेट शुरू कर दें पपीता खाना, हेल्थ की चिंता करना भूल जाएंगे

हेल्दी रहना है तो हेल्दी ईटिंग हैबिट को भी बनाना होगा। अगर आप रोजाना पपीता खाली पेट खाते हैं तो ना केवल सेहत दुरुस्त होगी बल्कि कई सारी बीमारियों से भी राहत मिलेगी। पपीते को जरूरी न्यूट्रिएंट्स का पावर हाउस बोला जाता है। इसमे विटामिन ए, सी, ई से लेकर माइक्रो न्यूट्रिएंट्स फोलेट, पोटैशियम, कॉपर और मैग्नीशियम भी रिच मात्रा में होते हैं। वहीं पपीता डाइजेशन के लिए भी अच्छा होता है। तो अगर हेल्दी रहना चाहते हैं तो रोज सुबह ब्रेकफास्ट में पपीता खाना शुरू कर दें। जानें रोज खाली पेट पपीता खाने से सेहत को कितने सारे फायदे होते हैं।



**कब्ज और डाइजेशन की समस्या का खात्मा :** अगर आपक कब्ज रहती है, खाना नहीं पचता और अपच हो जाती है तो पपीता खाएं. इसमे मौदूद पेपिन एंजाइम कब्ज से छुटकारा दिलाएगा और साथ ही डाइजेशन को भी इंप्रूव करेगा। खाली पेट सुबह पपीता खाने से बॉडी डिटॉक्स करना आसान हो जाता है। आप चाहें तो शाम को भी स्नैक्स में पपीता खा सकते हैं।

**पोषक तत्वों को तेजी से अब्जॉर्ब करता है :** अगर आप शाम को पपीता खाते हैं मतलब कि खाने के करीब दो घंटे बाद पपीता खाते हैं। तो ये जरूरी न्यूट्रिएंट्स को तेजी से शरीर में अब्जॉर्ब करता है।

**बॉडी को करता है नेचुरल डिटॉक्स :** पपीते में फाइबर की मात्रा ज्यादा होती है। जब आप खाली पेट पपीता खाते हैं तो शरीर में फाइबर का कंटेंट बढ़ता है और सारे टॉक्सिंस को आसानी से बाहर निकालना आसान हो जाता है। जिससे सारी गंदगी और टॉक्सिंस बॉडी के बाहर हो जाते हैं।

**ब्लड शुगर लेवल को स्थिर करता है :** खाली पेट ब्लड शुगर लेवल के अचानक से बढ़ने का खतरा रहता है। पपीता ब्लड शुगर लेवल को बढ़ने से रोकता है और ग्लाइसेमिक कंट्रोल बनाकर रखता है।

**भूख करता है शांत :** अगर आपने पपीता खाली पेट ब्रेकफास्ट में या फिर स्नैक्स में खाया है तो इससे पेट भरता है और भूख शांत होती है। जिससे वेट लॉस में मदद मिलती है।

**एनर्जी देता है :** पपीते में विटामिन सी के साथ ही जरूरी पोषक तत्व होते हैं। जिससे शरीर को पर्याप्त मात्रा में एनर्जी मिलती है और आप एक्टिव बने रहते हैं।



## दिवाली पर बच्चों का रखें खास ख्याल, पटाखे जलाते समय ना करें ये गलतियां

छोटे बच्चों के साथ पटाखे फोड़ते समय सुरक्षा और सावधानियां बरतना और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। आइए जानते हैं दिवाली पर बच्चों के साथ पटाखे जलाते समय किन गलतियों को करने से बचना चाहिए।

भारत में दशहरा से लेकर दिवाली और छठ पूजा जैसे बड़े त्योहार लोग बड़ी धूमधाम से मनाते हैं। इन त्योहारों की रौनक बिना पटाखों के अधूरी सी लगती है। यही वजह है कि हर त्योहार पर लोग पूजा करने के बाद परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर खूब आतिशबाजी भी करते हैं। लेकिन ऐसा करते समय कई बार बरती गई छोटी सी भी लापरवाही त्योहार का मजा फीका कर सकती है। हर साल दिवाली पर पटाखों से आग या चोट लगने की खबरें आती रहती हैं। ऐसे में छोटे बच्चों के साथ पटाखे फोड़ते समय सुरक्षा और सावधानियां बरतना और भी ज्यादा जरूरी हो जाता है। आइए जानते हैं दिवाली पर बच्चों के साथ पटाखे जलाते समय किन गलतियों को करने से बचना चाहिए।



### बच्चों के साथ पटाखे जलाते समय ना करें ये गलतियां

- छोटे बच्चों को अपनी निगरानी में ही पटाखे जलाने दें। ऐसा करके आप किसी भी बड़ी दुर्घटना को होने से रोक सकते हैं।
- हाथों में रखकर नहीं बल्कि हमेशा जमीन पर रखकर ही पटाखें जलाएं।
- पटाखे जलाते समय पटाखे के पास नहीं बल्कि बच्चे के साथ सुरक्षित दूरी पर खड़े रहें।
- बच्चों को जेब में पटाखे न रखने दें। ऐसा करने से कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है।
- पटाखे कभी भी घर के अंदर ना जलाएं। हमेशा खुले एरिया में ही पटाखे जलाने चाहिए। घर के अंदर चकरी या अनार जलाने से आग लगने का खतरा बढ़ जाता है।
- पटाखे जलाते समय अपने पास पानी की बाल्टी और रेत जरूर रखें।
- पटाखे जलाते समय बच्चों को कभी भी लंबे और ढीले कपड़े ना पहनाएं। इसकी जगह बच्चों को हमेशा फिटिंग के सूती कपड़ों को पहनाकर ही पटाखे जलाने के लिए भेजें।
- जिस दुकान के पास लाइसेंस हो उसी से पटाखे खरीदें। मार्केट में मिलने वाले सस्ते लोकल पटाखों के फूटने की संभावना ज्यादा बनी रहती है।

### बरतें ये सावधानियां

- अस्थमा या एलर्जी के मरीजों को पटाखे जलाने से बचना चाहिए।
- सांस लेने में तकलीफ हो रही हो तो दिवाली के दिन कोशिश करें कि घर के भीतर ही रहें। पटाखों से निकलने वाली जहरीली गैस फेफड़ों को बीमार बना सकती है।
- आंखों में जलन होने पर अनदेखा ना करें तुरंत आंखों के डॉक्टर को दिखाएं।
- आंखों में बारूद कण चले जाएं, तो तुरंत आंखों पर ठंडे पानी के छींटे मारें। आंखों को मलने की गलती न करें।

कार्नर न्यूज

राइड डीटेल्स की जानकारी अपने करीबियों के साथ साझा करने की सुविधा भी देती हैं

# ... कैब में सफर करने वालों को जरूर बरतनी चाहिए सावधानियां, खासकर महिलाओं को

*ऑफिस में सुबह की शिफ्ट हो या फिर देर रात कहीं से घर लौटना हो, ऐप आधारित टैक्सी सर्विस ने हम सबकी जिंदगी को इस मामले में बहुत आसान बना दिया है। पर, ऐप से कैब की बुकिंग करवाते समय और यात्रा करते समय सतर्क रहना बहुत जरूरी है। कैब द्वारा सफर के दौरान हुई दुर्घटनाओं के किस्से भी सुनने को मिलते ही रहते हैं लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि कैब से सफर करना ही बंद कर दिया जाए, बस कुछ बातों को लेकर सावधानी जरूर बरतनी चाहिए।*



### रूट के बारे में जानकारी

कैब बुक करने से पहले अपने रूट के बारे में जानकारी अवश्य हासिल करें ताकि आपको रास्ते का अनुमान पहले से हो। यदि रास्ता जाना-पहचाना है तो ठीक है अन्यथा बेहतर होगा कि इस विषय में किसी परिचित से बात करके रास्ते में पड़ने वाली जगहों के बारे में कुछ जानकारी प्राप्त कर लें। इससे कैब ड्राइवर को आप अपना गंतव्य बेहतर तरीके से बता सकेंगी और यदि ड्राइवर बिल्कुल ही नया रूट लेगा तो आप सतर्क होकर उससे सवाल भी पूछ सकती हैं।

### जीपीएस का इस्तेमाल करें


स्मार्टफोन में मौजूद जीपीएस सुविधा को समझें और सफर करते समय इसका इस्तेमाल करें। इसकी मदद से आप अपनी राइड के रूट पर नजर रख सकती हैं और यह भी पता कर सकती हैं कि अपनी मंजिल तक कितनी देर में पहुंच जाएंगी। यात्रा के दौरान हमेशा जीपीएस मैप ऑन रखें और उसे चेक करती रहें।

### गाड़ी के नंबर और ड्राइवर की पुष्टि

गाड़ी का नंबर, ड्राइवर का विवरण और ओटीपी आने के बाद भी गाड़ी में बैठने से पहले सावधानी बरतें। यह सुनिश्चित करें कि गाड़ी का नंबर और ड्राइवर का नाम वही है, जो आपको कैब कंपनी ने भेजा है। गाड़ी में बैठने से पहले ड्राइवर का नाम पूछ लें और बता भी दें कि आपने कैब कहां जाने के लिए बुक की है। कैब बुक करने पर राइड डीटेल्स में गाड़ी के मॉडल, रंग, नंबर के साथ-साथ ड्राइवर की फोटो भी उसके विवरण सहित आती है। उससे मिलान करने के बाद ही गाड़ी में बैठें।

### सतर्कता से मिलेगी सुरक्षा

अगर आप शेयरिंग वाली कैब इस्तेमाल कर रही हैं तो महिलाओं के साथ कार शेयरिंग को प्राथमिकता दें। कुछ कैब कंपनियां अनुरोध पर महिला यात्रियों के लिए महिला ड्राइवर की सुविधा भी देती हैं, उसका इस्तेमाल करें। बड़े कैब ऑपरेटर अपनी गाड़ियों में पैनिक बटन की सुविधा भी देते हैं, ताकि किसी आपात स्थिति में आप उसके माध्यम से अलर्ट भेज सकें।




### विश्वसनीय कैब ऑपरेटर का चुनाव

ऐसी बहुत सी ऐप्स हैं, जो सामान्य से भी कम किराए पर सेवा प्रदान करने का दावा करती हैं पर, उनकी विश्वसनीयता की कोई गारंटी नहीं होती है। इसलिए कुछ पैसे बचाने का लालच करने की बजाय सत्यापित और विश्वसनीय कैब सर्विस ही चुनें। साथ ही इस बात की भी जांच कर लें कि वहां से आने वाला ड्राइवर भी सत्यापित और पेशेवर हो।

**राइड की जानकारी साझा करें :** विश्वसनीय कैब ऑपरेटर कंपनियां आपकी राइड डीटेल्स की जानकारी अपने करीबियों के साथ साझा करने की सुविधा भी देती हैं। इसलिए कैब बुक करते ही अपने परिवार के किसी सदस्य या करीबी के साथ अपनी राइड डिटेल्स साझा कर लें, ताकि वह जीपीएस सिस्टम के माध्यम से वे आपका रूट देख सकें। इससे उन्हें आपकी गाड़ी का नंबर और बाकि विवरण भी मिल जाएगा।

